तापमान

अधिकतम 34.2 डिग्री

न्यूनतम 19.8 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, शनिवार 21 फरवरी 2026

15 खाली एनआरआई सीट राज्य कोटे में...



16 सड़क दुर्घटना में घायलों के कैशलेश उपचार...



## खबर संक्षेप

### गांजा तस्कर को तीन वर्ष कैद, 25 हजार जुर्माना

**रायपुर।** डीडीनगर थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व पौने पांच किलो गांजा के साथ गिरफ्तार तस्कर को विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस किरण थवाईत की कोर्ट ने आरोपी को तीन वर्ष कैद के साथ 25 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक भुवन लाल साहू के अनुसार, कोर्ट ने मूल रूप से ओडिशा निवासी संजय विश्वकर्मा को कैद और जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस ने संजय को 11 मई 2025 में गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। संजय ने गांजा अपने ससुर के घर में छिपाकर रखा था।

### महिला के गले से एक लाख की चेन पार

**रायपुर।** डीडीनगर थाना में एक व्यक्ति ने अज्ञात के खिलाफ उसकी मां के गले से एक लाख रुपए कीमत की चेन चोरी कर फरार होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। डीडीनगर सेक्टर-2 निवासी कोणाल देवरनकर ने चेन स्नैचिंग की शिकायत दर्ज कराई है। कोणाल ने पुलिस को बताया कि उसकी मां 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर महादेवघाट स्थित हाटकेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन करने गई थी। इस दौरान अज्ञात चोर भीड़ का फायदा उठाते हुए कोणाल की मां के गले से चेन चोरी कर ले गया।

### ट्रक के टूल्स चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने ट्रकों से टूल्स चोरी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक रावणभाटा स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में पार्क ट्रकों की टूल्स चोरी करता था। पुलिस ने ट्रकों से टूल्स चोरी करने के आरोप में बिरगांव, गाजीनगर निवासी नौशाद को धर-दबोचा है। नौशाद ट्रकों से चोरी किए टूल्स को बेचने ऑटो में लोड कर ग्राहक तलाश रहा था।

### रेंज आईजी ने ली पुलिस अफसरों की समीक्षा बैठक

**रायपुर।** कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने शुक्रवार को रेंज आईजी अमरेश मिश्रा ने रायपुर (ग्रामीण), महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी और बलौदाबाजार जिले के एसपी-एएसपी के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान आईजी ने सभी पुलिस अफसरों को लंबित प्रकरणों के निराकरण के साथ-साथ स्कूल के आसपास मादक पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# बालक छात्रावास संक्रमणरहित, लेकिन बालिका छात्रावास पीलिया की चपेट में, रविवि ने बदली पाइपलाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

पं. रविशंकर शुक्ल विवि के हॉस्टल में पीलिया फैल गया है, लेकिन केवल बालिका छात्रावास ही संक्रमण की चपेट में आया है। बालक छात्रावास में फिलहाल संक्रमण का एक भी मामला सामने नहीं आया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए रविवि ने उस हॉस्टल की पानी की पाइप लाइन बदली है, जहां छात्राओं में संक्रमण के केस मिले। रविवि परिसर स्थित सेंटर फॉर बेसिक साइंस में 90 छात्राएं हैं। यहां की छात्राओं द्वारा ही सर्वप्रथम खराब पानी और इसके कारण बीमारी की शिकायत की गई थी। सभी छात्राओं की पीलिया जांच रविवि द्वारा की गई। इनमें से 4 छात्राओं की रिपोर्ट पॉजीटिव आई है। संक्रमित पाई गई छात्राओं का उपचार जारी है और स्थिति विशेष चिंताजनक नहीं है। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, सीबीएस छात्रावास में पानी की सप्लाई जिस पाइप लाइन के माध्यम से होती है, वहां एक स्थान पर लीकेज की बात जांच में सामने आई है। इसके बाद पाइपलाइन में बदलाव किया गया है।

## दूषित पानी की शिकायत लेकर कुलपति के पास पहुंची थीं छात्राएं

### टंकी सफाई की मांग

एक के बाद एक लगातार छात्राओं के बीमार होने पर छात्राएं कुलपति के पास शिकायत लेकर पहुंची थीं। इसके बाद विवि प्रशासन हरकत में आया और कई स्तर पर जांच कराई गई। वहीं, छात्राओं के एक समूह का कहना है कि टंकी की सफाई नियमित रूप से नहीं होती है। कई बार नहाने का पानी भी गंदा आता है। छात्राओं ने इसकी सफाई की भी मांग की है।



रविवि गर्ल्स हॉस्टल में 290 छात्राएं, इनमें से 4 की रिपोर्ट पीलिया पॉजीटिव

### एक ही ठेकेदार बनाता है भोजन

रविवि में तीन बालक छात्रावास हैं। इसमें आजाद व गांधी हॉस्टल सहित रिसर्च हॉस्टल भी शामिल है। यहां 115 छात्र अध्ययनरत हैं। रिसर्च हॉस्टल में अध्ययनरत छात्रों की संख्या अधिक नहीं होने के कारण वे गांधी हॉस्टल में आकर भोजन करते हैं। बालक छात्रावास की तुलना में बालिका छात्रावास की संख्या अधिक है। स्नातक, स्नातकोत्तर, नवीन कन्या, रिसर्च तथा सीबीएस हॉस्टल मिलाकर 290 छात्राएं अध्ययनरत हैं। इन सभी छात्रावास में भोजन एक ही ठेकेदार द्वारा बनाया जाता है। प्रारंभिक जांच में दूषित पानी से भोजन तैयार होने की आशंका को नकारा गया। इसके बाद पानी के स्त्रोत की जांच की गई।

## पुलिस ने छह बदमाशों को गिरफ्तार कर बंधकों को छुड़ाया

# धमतरी के दो युवकों को दो दिन तक रखा बंधक, पिटाई का वीडियो भेजकर मांगे पैसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दो लाख रुपए के लेन-देन के विवाद पर धमतरी के दो युवकों को बंधक बनाकर दो दिन तक मारपीट करने तथा उनकी प्रापर्टी को अपने नाम एग्रीमेंट कराने के आरोप में पुलिस ने आधा दर्जन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पुलिस पतासाजी कर रही है। युवकों को बदमाशों ने रामकुंड स्थित एक तालाब के पास झोपड़ी में बंधक बनाकर रखा था। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने साढ़े तीन हजार रुपए कैश के साथ दो पिस्टल, दो जिंदा कारतूस जब्त किया है।

मामले का खुलासा करते हुए डीसीपी रायपुर वेस्ट संदीप पटेल ने बताया कि धमतरी निवासी जीवन यदु, राकेश शर्मा के अपहरण तथा मारपीट करने के आरोप में कामरान अब्बास (29), नवीन उर्फ नन्नू ढीमर (19), लक्की निषाद उर्फ ⏭ शेष पेज 17 पर



### मुख्य आरोपी पर 14 से ज्यादा अपराध दर्ज

घटना का मुख्य आरोपी धमतरी निवासी हरिओम सोनकर है। उसके खिलाफ धमतरी के अलग-अलग थाना क्षेत्र में एक्सटार्सन, ठगी तथा अन्य 14 से अधिक गंभीर अपराध दर्ज हैं, जिनमें अपहरण, लूट, आर्म्स एक्ट, धोखाधड़ी और आईटी एक्ट के प्रकरण शामिल हैं। वहीं अन्य आरोपियों का भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है।

### 2 लाख के विवाद पर रची थी साजिश

*पूछताछ में सामने आया कि करीब दो लाख रुपये के लेनदेन विवाद को लेकर आरोपियों ने सुनियोजित षड्यंत्र रचकर दोनों युवकों को करबला तालाब के पास से मंगलवार को अगवा किया था। हथियारों के बल पर मारपीट कर जबरन जमीन के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराए गए। साथ ही नकद रकम, बैंक दस्तावेज, मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल भी लूट ली गई। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से बड़ी वारदात को अंजाम देने से पहले ही आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया।*

### पैसा देने का झांसा देकर रायपुर बुलाया

*बताया जा रहा है, जीवन का हरिओम के साथ जमीन संबंधी लेनदेन था। हरिओम ने जीवन को रायपुर में पैसा देने का झांसा देकर आजाद चौक थाना क्षेत्र के रामकुंड के पास बुलाया। इस पर जीवन अपने साथी राकेश के साथ रायपुर पहुंचा। बताया जा रहा है, हरिओम के बताए स्थान पर जीवन तथा उसका साथी पहुंचे। मौके पर हरिओम नहीं मिला। बदमाश हरिओम के इशारे पर दोनों लड़कों को झांसा देकर अपने साथ ले गए और उन्हें बंधक बना लिया।*

### मारपीट का वीडियो भेज कर परिजनों से पैसों की मांग

*जिन लोगों का बदमाशों ने अपहरण किया था, उन लोगों के साथ मारपीट करने का बदमाशों ने वीडियो बनाकर उनके परिजनों के पास भेज कर रिहाई के बदले पैसों की मांग की। वीडियो देख परिजन डर गए और रायपुर पहुंच कर घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने वीडियो के आधार पर बदमाशों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की।*

# लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार करने कृष्ण मित्र संगठन सामने आया




- मामला विभागीय लिखा पढ़ी में उलझा, तहसीलदार बोले समस्या का जल्द समाधान
- खबर प्रकाशित होने के बाद स्वयं सेवी संस्था ने जगह देने तहसीलदार को पत्र लिखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रशासन की अनदेखी के कारण लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार करने जगह की कमी पड़ रही है। जगह की कमी के कारण लाश मुर्दाघर में कई-कई दिनों तक अंतिम संस्कार होने के इंतजार में पड़ी रहती है। मोक्ष मुक्ति श्रद्धांजलि डेढ़ दशक से जोरा में डेढ़ एकड़ सरकारी जमीन पर लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार करती आ रही है। जोरा में स्थिति ऐसी हो गई है कि नई लाशों को कफन दफन करने एक इंच जगह नहीं बची है। इसके लिए मोक्ष श्रद्धांजलि ने प्रशासन से जगह देने मांग की है। लावारिस लाशों की हो रही ⏭ शेष पेज 17 पर

### पांच वर्ष पूर्व से करते आ रहे अंतिम संस्कार

कृष्ण मित्र फांडेशन के अध्यक्ष के अनुसार उनकी संस्था पांच वर्ष पूर्व से लावारिस लाशों का सम्मान पूर्वक अंतिम संस्कार करने का काम कर रही है। फाउंडेशन के अध्यक्ष के अनुसार उनके पास सारी व्यवस्थाएं हैं। इसके अलावा सरजू बांधा श्मशान घाट में चारों तरफ से बाउंड्री वाल भी खड़ी कर दी गई है।

### पत्र मिला है कार्यवाही की जाएगी

कृष्ण मित्र फाउंडेशन का लावारिश लाशों का अंतिम संस्कार करने जगह देने पत्र मिला है। लावारिश लाशों का सम्मान पूर्वक अंतिम संस्कार हो, इसके लिए स्वयं सेवी संस्था के पत्रानुसार कार्यवाही की जाएगी।

- राममूर्ति दीवान
तहसीलदार

# होली में 14 फेरे के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन, अब दिल्ली, पटना और हैदराबाद जाना होगा सरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

होली त्योहार में यात्रा को सुगम, संरक्षित और आरामदायक बनाने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने स्पेशल ट्रेन की घोषणा कर दी है। इस बार जोन के प्रमुख स्टेशनों से विभिन्न मार्गों के लिए होली स्टेशन ट्रेनों के 14 फेरे का परिचालन किया जाएगा। रेलवे ने उन रूट में स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है, जहां यात्रियों का दबाव अधिक है। नियमित ट्रेनों में वेटिंग अधिक होने के बाद अब यात्रियों को स्पेशन ट्रेन में कन्फर्म सीट मिलेगी। अब होली में दिल्ली, पटना और हैदराबाद जाने वाले यात्रियों को आसनी से कन्फर्म सीट मिल सकेगी।

> स्पेशल ट्रेन का दुर्ग, बिलासपुर और गोंदिया जैसे प्रमुख स्टेशनों से किया जाएगा परिचालन

### यह ट्रेन स्पेशल चलेगी

- 08751/08752 दुर्ग-हजरत निजामुद्दीन-दुर्ग होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन दोनों ओर से 02-02 फेरों के लिए किया जाएगा। यह ट्रेन दुर्ग से 01 व 02 मार्च (रविवार व सोमवार) को और वापसी में निजामुद्दीन से 02 व 03 मार्च (सोमवार व मंगलवार) को व्हाया न्यू कटनी जंक्शन होकर चलेगी। इस गाड़ी का ठहराव रायपुर, उसलापुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया स्टेशनों पर दिया गया है।
- 08863/08864 गोंदिया-छपरा-गोंदिया होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन दोनों ओर से 01-01 फेरों के लिए किया जाएगा । यह ट्रेन गोंदिया से 01 मार्च (रविवार) को और वापसी में छपरा से 03 मार्च (मंगलवार) को व्हाया न्यू कटनी जंक्शन होकर चलेगी। इस गाड़ी का ठहराव डोंगरगढ़, ⏭ शेष पेज 17 पर

# उरला, पठारीडीह-बेरला मार्ग को जोड़ने खारुन नदी पर बनेगा बड़ा ब्रिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिला अंतर्गत उरला, पठारीडीह एवं बेरला मार्ग में खारुन नदी पर जल्द ही उच्च स्तरीय पुल का निर्माण होगा। उप मुख्यमंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद राज्य शासन ने इस पुल निर्माण के लिए 16 करोड़ 36 लाख 54 हजार रुपए के बजट को स्वीकृति भी दे दी है। इस पुल का निर्माण होने से वाहन से आवागमन में लोगों को काफी राहत मिलेगी। कम समय में तथा बिना किसी जाम में फंसे लोग नदी पार कर पाएंगे।

- शासन ने पुल निर्माण के लिए 16.36 करोड़ रुपए किए स्वीकृत

### प्रमुख अभियंता को राशि स्वीकृति के संबंध में आदेश जारी

उरला-पठारीडीह-बेरला मार्ग में खारुन नदी पर उच्च स्तरीय पुल और पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए शासन ने प्रमुख अभियंता को राशि की स्वीकृति के संबंध में आदेश भी जारी कर दिया है। यह पुल 16 करोड़ 36 लाख 54 हजार रुपए की लागत से बनेगा। इस आदेश के तहत लोक निर्माण विभाग ने प्रमुख अभियंता को कार्य की निविदा समय-सीमा में करने, निर्माण कार्य प्राक्कलन व कार्य संपादित करने में मितव्ययिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। विभाग ने निर्माण एजेंसी से अनुबंधित समय-सीमा में काम पूर्ण किया जाना सुनिश्चित कराने को कहा है। कार्य पूर्ण किये जाने के लिए अनावश्यक समय-सीमा वृद्धि नहीं किए जाने के भी निर्देश विभाग ने दिए हैं। अपरिहार्य एवं नियंत्रण से बाहर मान्य कारणों के आधार पर ही सक्षम अधिकारी द्वारा समय-सीमा में वृद्धि की जा सकेगी।














जीवेत शरदः शतम्
मान. बृजमोहन अग्रवाल
सांसद रायपुर लोकसभा
मान. राजेन्द्र शर्मा
जिला प्रभारी
मान. अरुण साव
उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
मान. विजय शर्मा
उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
मान. किरण देव
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष
प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री
मान. विष्णु देव साय जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई... अनंत शुभकामनाएं...
21 फरवरी
मान. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
मान. पुरन्दर मिश्रा जी
विधायक - रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र
विनीत : समस्त कार्यकर्तागण भारतीय जनता पार्टी रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र

## निधन

### त्रिवेणी प्रसाद यादव



रायपुर। ब्रह्मपुरी निवासी त्रिवेणी प्रसाद यादव का 20 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 21 फरवरी को दोपहर 12 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे गोपाल प्रसाद यादव के पुत्र थे।

### मनोहर राजपाल



रायपुर। न्यू पीयूष कॉलोनी अमलीडीह निवासी मनोहर राजपाल का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 20 फरवरी को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे जय कुमार राजपाल के भाई थे।

# खाली एनआरआई सीट राज्य कोटे में तब्दील क्लीनिकल विषयों की केवल 10 सीटें बाकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

निजी मेडिकल कालेजों में मॉपअप राउंड में छात्र नहीं मिलने की वजह से एनआरआई कोटे की सीट राज्य कोटे में तब्दील हो गई है। बाकी कुल 104 सीटों में मात्र 10 क्लीनिकल विषयों से संबंधित हैं। अभी पांच शासकीय कालेजों में पीजी की 25 सीटें खाली हैं। स्ट्रे राउंड के लिए संस्था चयन की प्रक्रिया 22 तक पूरी की जाएगी।

■ कुल 104 सीटों में मात्र 10 क्लीनिकल विषयों से संबंधित

निजी और शासकीय मेडिकल कालेजों में पीजी की सीटों पर एडमिशन फरवरी के अंत तक पूरा होने की संभावना है। वर्तमान में स्ट्रे राउंड के लिए ऑनलाइन आवेदन, संस्था चयन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि काउंसिलिंग की प्रक्रिया अघोषित रूप से पूरी हो चुकी है, क्योंकि तमाम कालेजों में क्लीनिकल से संबंधित जो सीटें हैं, उन पर एडमिशन पूरा कर लिया गया है। मॉपअप राउंड के शासकीय और निजी मेडिकल



कालेजों में क्लीनिकल की दस सीटें शेष हैं, जिनमें रायपुर के शासकीय कालेज में आर्थोपेडिक, अंबिकापुर कालेज में जनरल सर्जरी की सीट शामिल है।निजी मेडिकल कालेजों में त्वचा रोग विभाग की 2, जनरल मेडिसिन, हड्डी रोग की 2, बाल्य रोग विभाग की 2 तथा रेडियोडायग्नोसिस विभाग की एक सीट शामिल है। अधिकारिक सूत्रों के मुताबिक तीसरे दौर की काउंसिलिंग के बाद रिक्त बची अप्रवासी भारतीय नियतांश की सीटों को ओपन कोटे में परिवर्तित कर दिया गया है। स्ट्रे राउंड में शामिल कुल 104 सीट में 25 शासकीय और शेष सीटें निजी चिकित्सा महाविद्यालय से संबंधित हैं।

## बिजनेस साइट

# रायपुर में कल सजेगी 'बिस्मिल की महफिल', सूफी और टेक्नो का अनोखा संगम

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में 22 फरवरी को संगीत प्रेमियों के लिए खास शाम सजने जा रही है। रायपुर के होटल अमारा में 'बिस्मिल की महफिल' नाम से आयोजित रायपुर सूफी एंड टेक्नोनाइट में मशहूर सूफी गायक बिस्मिल अपनी लाइव प्रस्तुति देंगे। इस म्यूजिकल इवेंट में दर्शकों को सूफी संगीत और आधुनिक टेक्नो बीट्स का अनोखा फ्यूजन सुनने को मिलेगा। बिस्मिल भारतीय सूफी संगीत के चर्चित कलाकार हैं। उन्होंने 'दूल्हे का सेहरा सुहाना लगता है', 'ये जो हल्का-हल्का सुरूर है' और 'काली-काली जुल्फों' जैसे लोकप्रिय गीतों से अपनी अलग पहचान बनाई है। करीब 90 मिनट के परफॉर्मेंस में वे सूफी और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देंगे। खास आकर्षण के रूप में वे 15 मिनट का विशेष 'वंदेमातरम' भी प्रस्तुत करेंगे, जिसे भव्य संगीत संयोजन के साथ पेश किया जाएगा।



### भव्य स्तर पर तैयारियां

आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम की तैयारियां लगभग 150 लाख वर्गफीट क्षेत्र में की जा रही हैं। वेन्यू पर एक साथ करीब 25 हजार लोगों के मौजूद रहने की व्यवस्था रहेगी। स्टेज 80x40 वर्गफीट क्षेत्र में बनाया जाएगा। उच्च गुणवत्ता वाली साउंड सिस्टम कानपुर से मंगाई जा रही है, ताकि दर्शकों को बेहतरीन ऑडियो अनुभव मिल सके। साथ ही 25 एकड़ में पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है।

### टिकट और बुकिंग

इवेंट के टिकट बुक माय शो पर उपलब्ध हैं। टिकट की शुरुआती कीमत 700 रुपए रखी गई है, जबकि फैमिली पैक के तहत 5 टिकट 3 हजार रुपए में मिलेंगे।

## पेज 13 के शेष

### धमतरी के दो ...

छोटा चिकन (19), राकेश धीवर (24), अनिल धीवर (30) और हरिओम सोनकर (47) को गिरफ्तार किया है। पुलिस को परिजनों के माध्यम से दोनों युवकों के बंधक बनाए जाने की गुरुवार को जानकारी मिली। इस पर पुलिस की स्पेशल टीम गठित कर मामले की जांच करते हुए बदमाशों की पतासाजी कर गिरफ्तार किया।

### लावारिस लाशों का ...

दुर्गति को लेकर हरिभूमि ने शुक्रवार के अंक में प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित की है। खबर प्रकाशित होने के बाद भले ही प्रशासन की नींद नहीं टूटी, एक अन्य सामाजिक संस्था कृष्ण मित्र फाउंडेशन लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार करने सरजू बांधा तालाब के पास अपने श्मशान घाट में लावारिस लाशों का विधि विधान से अंतिम संस्कार करने की बात कही है। इसके लिए संस्था के प्रमुख माधव यादव ने तहसीलदार को पत्र लिख कर लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार करने जगह देने पत्र लिखने की जानकारी दी।

### होली में 14 ....

राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, उसलापुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया स्टेशनों पर दिया गया है।

- 08865/08866 गोंदिया-छपरा-गोंदिया होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन दोनों ओर से 01-01 फेरों के लिए किया जाएगा । यह ट्रेन गोंदिया से 02 मार्च (सोमवार) को और वापसी में छपरा से 04 मार्च (बुधवार) को व्हाया न्यू कटनी जंक्शन होकर चलेगी। इस गाड़ी का ठहराव डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, उसलापुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया स्टेशनों पर दिया गया है।

- 08753/08754 दुर्ग-मधुबनी-दुर्ग होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन दोनों ओर से 01-01 फेरों के लिए किया जाएगा । यह ट्रेन दुर्ग से 01 मार्च (रविवार) को और वापसी में मधुबनी से 02 मार्च (सोमवार) को व्हाया झारसुगुड़ा होकर चलेगी। इस गाड़ी का ठहराव रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा एवं रायगढ़ स्टेशनों पर दिया गया है।

- 08861/08862 गोंदिया-पटना-गोंदिया होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन दोनों ओर से 01-01 फेरों के लिए किया जाएगा। यह ट्रेन गोंदिया से 02 मार्च (सोमवार) को और वापसी में पटना से 03 मार्च (मंगलवार) को व्हाया झारसुगुड़ा होकर चलेगी। इस गाड़ी का ठहराव डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, चाम्पा एवं रायगढ़ स्टेशनों पर दिया गया है।

- 08263/08264 बिलासपुर-चर्लपल्ली-बिलासपुर होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन दोनों ओर से 01-01 फेरों के लिए किया जाएगा । यह ट्रेन बिलासपुर से 27 फरवरी (शुक्रवार) को और वापसी में चर्लपल्ली से 28 फरवरी (शनिवार) को व्हाया बल्हारशाह होकर चलेगी। इस गाड़ी का ठहराव भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, गोंदिया, वड़सा एवं चांदा फोर्ट स्टेशनों पर दिया गया है।







# चावल उत्सव के पहले दिन ही कई राशन दुकानों में स्टॉक नहीं, बंट नहीं पाया दो माह का चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

प्रदेशभर के शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में शुक्रवार से चावल उत्सव मनाया जा रहा है। इसके तहत कार्ड धारकों को एक साथ दो माह का चावल वितरण किया जा रहा है, लेकिन रायपुर जिले की कई राशन दुकानों में चावल उत्सव मनाया नहीं जा सका। इसका कारण इन दुकानों में कहीं एपीएल तो कहीं बीपीएल चावल का भंडारण ही नहीं किया गया। इसके कारण दुकानदार भी चावल बांट नहीं पाए। इधर खाद्य विभाग और नागरिक आपूर्ति निगम के अफसरों का कहना है कि डिमांड के अनुसार सभी राशन दुकानों में चावल का भंडारण किया जा रहा है।

### चावल उत्सव का बैनर-पोस्टर लगा पर वितरण एक माह का

राजधानी रायपुर सहित सभी राशन दुकानों में चावल उत्सव का बैनर-पोस्टर आज से टांग दिया गया है। इसके तहत हितग्राहियों को फरवरी और मार्च का एक साथ चावल वितरण किया जाना है, लेकिन दिनभर में जितने कार्ड धारक दुकानों में पहुंचे, उनमें 90 प्रतिशत को एक माह का ही चावल बांटा गया है। इसके प्रमुख दो कारण हैं, जिसमें एक दुकानों में चावल का भंडारण नहीं होना तथा दूसरा धारकों के कार्ड में ऑनलाइन एंट्री में एक माह का चावल का आवंटन दिखा रहा है।



### उसकी व्यवस्था भी करना चाहिए

दो माह का एक साथ चावल वितरण करने का आदेश जारी हुआ है, तो उसकी व्यवस्था भी दुकानों में करनी चाहिए। भंडारण नहीं होने तथा कार्ड में दो माह चावल नहीं दिखाने के कारण हितग्राहियों के साथ दुकानदारों को भी परेशानी हो रही है।

- नरेश बाफना, अध्यक्ष, छग पीडीएस संघ

### 25 प्रतिशत से अधिक दुकानों में बंट नहीं पाया दो माह का चावल

विभागीय सूत्रों से पता चला है कि राजधानी रायपुर में संचालित दुकानों में से 25 प्रतिशत से अधिक दुकानों में चावल का भंडारण नहीं होने एवं कार्ड में दो माह का चावल का आवंटन नहीं दिखाने के कारण बंट नहीं पाया है। कुछ दुकानदारों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि चावल उत्सव का आदेश जारी कर दिया गया है, लेकिन चावल का भंडारण और कार्ड में दो महीने का चावल ही नहीं दिखा रहा है। इस आदेश के कारण अब दुकानदारों को परेशानी हो रही है, क्योंकि इसके कारण कई हितग्राही दुकानदार से वाद-विवाद कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने किया महतारी सदन का निरीक्षण

**रायपुर।** कलेक्टर गौरव सिंह ने धरसींवा दौरे के दौरान ग्राम कांदुल में संचालित महतारी सदन केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने, महिलाओं से बातचीत करते हुए कहा कि आप सभी आत्मनिर्भर होकर अपने व्यवसाय को समूह के साथ संचालित करें एवं अपने उत्पादों को बेचने के लिए ऑनलाइन मार्केटप्लेस के साथ अनुबंध करें और उनसे जुड़कर देश और विदेश में अपने उत्पाद बेचें। कांदूल की महिलाएं पैरा आर्ट बनाने का कार्य कर रही है। उन्होंने शान द्वारा लगाए गए कैंप से प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात यह कार्य प्रारंभ किया है।

### निशुल्क होम्योपैथिक एवं हड्डी रोग जांच शिविर आज

**रायपुर।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप सिंग चावला, महामंत्री किशोर आहूजा ने बताया कि 21 फरवरी को 11 से 3 बजे तक गुरुनानक चौंक स्थित लायंस क्लब में निशुल्क होम्योपैथिक एवं हड्डी रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें डॉ. अंजू सूद होम्योपैथिक तथा डॉ. निंदर सिंग चावला हड्डी रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे।

### महामाया मंदिर में फाग स्पर्धा 1-2 मार्च को

**रायपुर।** होली पर्व के उपलक्ष्य में महामाई पारा पुरानी बस्ती स्थित महामाया देवी मंदिर परिसर में नगर स्तरीय पारंपरिक फाग प्रतियोगिता 1-2 मार्च को आयोजित है। जहां प्रतियोगी टोलियां शाम 6 से रात्रि 9 बजे तक फाग गीतों पर धूम मचाएंगी।

### लोकतंत्र प्रहरी के संभाग एवं जिला अध्यक्षों की नियुक्ति

**रायपुर।** लोकतंत्र सेनानी संघ के सहयोगी संगठन लोकतंत्र प्रहरी के प्रदेश अध्यक्ष विशाल राजहंस ने संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने की सहमति से संभाग के पदाधिकारियों की घोषणा के बाद जिला अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा की है। रायपुर संभाग से राजकुमार यदुवंशी, बिलासपुर संभाग से दीपक सोनी, दुर्ग संभाग से शरद श्रीवास्तव, सरगुजा संभाग से अनिरुद्ध प्रजापति एवं बस्तर संभाग से शंकर दास को संभाग अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं प्रदेश प्रचार-प्रसार मंत्री गौतम सोनकर, प्रदेश महामंत्री सुयश तिवारी, प्रदेश व्यवस्था प्रमुख आदित्य झा, मुख्यालय प्रमुख प्रभारी विनोद तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष नारीशक्ति की जिम्मेदारी सीमा शर्मा को दी गई है।

### अवैध प्लाटिंग पर निगम की कार्रवाई, लगाई रोक



**रायपुर।** नगर निगम जोन-9 अंतर्गत सड्डू क्षेत्र में 6 एकड़ निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। भूमि को कई टुकड़ों में विभाजित कर यहां मकान बनाने के लिए डीपीसी तैयार करने के साथ भूमि की सीमा पर बाउंड्रीवाल की गई थी। नगर निगम की टीम ने डीपीसी एवं बाउंड्रीवॉल को जेसीबी मशीन से तोड़ने की कार्रवाई करते हुए अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाई है।

## अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन आज

# प्रामाणिक दस्तावेज जमा नहीं कराने वाले वोटरों के नाम होंगे सूची से बाहर!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रदेश की चुनावी तस्वीर बदलने का काम कर सकता है, क्योंकि एसआईआर के बाद फाइनल एवं अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 21 फरवरी को होने जा रहा है। इस सूची के प्रकाशन से स्पष्ट हो जाएगा कि प्रदेश में ऐसे कितने मतदाता हैं, जिनका मिलान एसआईआर वर्ष 2003 की मतदाता सूची से नहीं हो पाया है।

एसआईआर प्रक्रिया का शुक्रवार को अंतिम दिन था। इस दिन तक जितने मतदाता दावा-आपत्तियां या नोटिस जारी होने के बाद प्रमाणिक दस्तावेज के साथ सुनवाई में शामिल हुए हैं, उनमें सही पाए गए सभी नाम दस्तावेजों के आधार पर मतदाता सूची में शामिल किए गए हैं।

### घट सकते हैं लाखों मतदाताओं के नाम

एसआईआर से पहले प्रदेश में कुल 21230737 मतदाताओं के नाम सूची में दर्ज थे। निर्वाचन आयोग ने 23 दिसंबर 2025 को प्रारंभिक प्रकाशन के साथ ही 2734817 नाम हटाए थे, जिससे प्रदेश में मतदाताओं की संख्या घटकर 18495920 रह गई थी। इस तरह एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से हटाए गए 27.34 लाख मतदाताओं को दोबारा मतदाता सूची में शामिल होने के लिए 14 फरवरी तक दावा आपत्ति मंगाए गए थे, वहीं इनमें कैटेगरी बी एवं सी में शामिल मतदाताओं को नोटिस जारी कर प्रमाणिक दस्तावेजों की सुनवाई में शामिल होने कहा गया था। हालांकि सूत्र के अनुसार जितने मतदाताओं को नोटिस जारी हुआ है, उनमें से 50 प्रतिशत भी मतदाता प्रमाणिक दस्तावेजों के साथ सुनवाई में शामिल होने नहीं पहुंचे, जिसके कारण इन मतदाताओं के नाम भी अंतिम प्रकाशन मतदाता सूची से घट सकते हैं।

### *नाम जोड़ने फिर से करना होगा आवेदन*

*अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन में जिनके नाम शामिल नहीं होंगे, ऐसे मतदाताओं को अब अपना नाम जोड़ने के लिए फिर से आवेदन करना होगा। हालांकि इसके लिए भी प्रमाणिक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।*



### लाखों मतदाताओं ने फार्म ही नहीं भरा

एसआईआर में फार्म भरने वालों की संख्या भी लाखों में है। इनमें मृतकों के अलावा जिला, राज्य छोड़ चुके मतदता भी शामिल होने की संभावना है। सूत्र के अनुसार एसआईआर में इन सभी मतदाताओं के नाम भी मतदाता सूची में शामिल नहीं किया गया है। हालांकि सही आंकड़ा मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद ही सामने आएगा।

### सूची से क्लीयर हो जाएगा

मतदाता की अंतिम सूची का प्रकाशन आज किया जाएगा। इस सूची से क्लीयर हो जाएगा कि एसआईआर में जिले में कितने मतदाताओं को नोटिस जारी किया तथा कितने सुनवाई में शामिल हुए तथा कितनों के नाम मतदाता सूची में जुड़ पाए।

**- नवीन ठाकुर,** जिला उप निर्वाचन अधिकारी रायपुर

### पोर्टल का साफ्टवेयर अपडेट नहीं, कैटेगरी अलग-अलग नहीं दिखाने से बढ़ी परेशानी

एसआईआर पोर्टल का साफ्टवेयर ने निर्वाचन अधिकारी-कर्मचारियों की परेशानी बढ़ा दी है। सूत्र से पता चला कि एसआईआर फार्म भराने के दौरान मतदाताओं की ऑनलाइन एंट्री भी कैटेगरी के अनुसार की गई थी। इसमें कैटेगरी-सी के तहत जिन मतदाताओं को नोटिस जारी किया है तथा कैटेगरी-डी वाले मतदाताओं को जिन्हें नोटिस जारी नहीं हुआ है। इनकी सूची अलग-अलग साफ्टवेयर में होनी थी, लेकिन अब ये दोनों सूची मिक्स हो गई है। इसके कारण अब यह पता नहीं चल पा रहा है कि नोटिस वाले मतदाताओं में कितनों ने प्रमाणिक दस्तावेज पेश किया है तथा कितने सुनवाई में नहीं पहुंचे। हालांकि अफसरों का कहना है कि इस संबंध में सारी चीजें मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद क्लीयर हो जाएगी।

### *जिले में 1.33 लाख मतदाताओं को नोटिस जारी, इनमें लगभग 35 हजार ही सुनवाई में हुए शामिल*

*रायपुर जिले की बात करें तो एसआईआर के तहत रायपुर जिले में कुल 5 लाख 21 हजार 761 मतदाताओं के नाम प्रारंभिक मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए थे। इनमें से 1 लाख 33 हजार मतदाताओं को कैटेगरी-सी में रखकर नोटिस भी जारी किया है, जिनमें से लगभग 35 हजार मतदाता ही प्रमाणिक दस्तावेजों के साथ सुनवाई में शामिल हुए। शेष मतदाता सुनवाई में नहीं पहुंचे। हालांकि यह आंकड़ा भी अनुमानित है।*

# सड़क दुर्घटना में घायलों के कैशलेस उपचार करने वाले अस्पतालों को दस दिन के अंदर भुगतान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- परिवहन सचिव ने सभी जिलों के संबंधित अफसरों के साथ की वर्चुअल बैठक

सड़क दुर्घटना में घायलों का डेढ़ लाख रुपए तक का कैशलेश उपचार करने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम राहत योजना को लेकर शुक्रवार को परिवहन सचिव एस. प्रकाश ने बैठक ली। वर्चुअल बैठक में सभी जिलों के पुलिस, स्वास्थ्य विभाग एवं डायल 112 के अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में परिवहन सचिव ने पीएम राहत योजना के तहत दुर्घटना पीड़ितों के डेढ़ लाख रुपए तक केशलेश उपचार के लिए तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर इसका क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लगभग 1000 अधिकृत अस्पताल के अतिरिक्त अन्य अस्पतालों जहां उपचार की सुविधा हो, उन्हें भी योजना के तहत पीड़ितों के उपचार के लिए जोड़ा जाए। योजना अंतर्गत अस्पतालों के उपचार देयकों का भुगतान 10 दिवस के भीतर हो यह सुनिश्चित किया जावे। परिवहन सचिव ने कहा कि हमारी प्राथमिकता यह हो कि जिलों में दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं, ताकि दुर्घटनाओं में कमी आ सके। कहीं दुर्घटना घटित होती है, तो घायल-पीड़ित व्यक्ति के गोल्डन ऑवर में उस योजना के तहत समुचित लाभ देकर पीड़ितों की जान बचाई जाए।

### सिंगल यूज प्लास्टिक को बंद कराने आयुक्त को पत्र

**रायपुर।** नगर निगम रायपुर के सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने निगम क्षेत्र अंतर्गत सभी जोन क्षेत्रों में प्रतिबंधित सिंगल यूल प्लास्टिक को बंद कराने के लिए निगम आयुक्त को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक से पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। इस पत्र में उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक को तत्काल प्रभाव से बंद कराए जाने के साथ सिंगल यूज प्लास्टिक की जगह स्टील, कांच, मिट्टी सहित अन्य पर्यावरण अनुकूल विकल्पों को सुनिश्चित कराए जाने की मांग की है।

## घाटा बताकर जनता से वसूली की तैयारी

# बैज बोले- सरकारी दफ्तर बिजली बिल चुका नहीं रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ सरकार को बिजली विभाग की दुर्दशा के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि यह सरकार लाइन लॉस और बिजली चोरी रोक नहीं पा रही है, सरकारी विभागों पर ही करोड़ों का बिल भुगतान बकाया है।

भाजपा के नेता मंत्री और अधिकारी बिना भुगतान किए अनियंत्रित उपभोग कर रहे हैं, बिजली विभाग सरकारी कार्यालयों से बिल वसूली नहीं कर पा रही है, अब सरकारी दफ्तरों और शासकीय भवनों से बकाया बिजली बिल की वसूली के लिए प्रीपैड बिलिंग सिस्टम लागू करने जा रहा है, इससे साफ है कि यह सरकार, सरकारी अनियमितताओं पर सरेंडर मोड पर है। श्री बैज ने कहा है कि एक तरफ यह सरकार बार-बार बिजली के दाम बढ़ा कर उपभोक्ताओं की जेब ढीली कर रही है, घरेलू उपभोक्ताओं को मिलने वाली 400 यूनिट बिजली बिल हॉफ योजना खत्म कर दी है।

### आम जनता पर कार्रवाई, रसूखदारों को छूट

आम जनता यदि एक माह बिल जमा न कर पाए तो बिजली काट दी जाती है, लेकिन उन्हीं बिजली कंपनियों का सरकारी विभागों पर 2,800 करोड़ से अधिक की राशि बकाया है, वसूली नहीं कर पा रहे हैं, कंपनियों पर वित्तीय दबाव बढ़ रहा है, इसकी कीमत आम जनता चुका रही है। इस अकर्मण्यता को छुपाने के लिए ही प्रीपेड बिलिंग सिस्टम लागू किए जाने की बात कही जा रही है। श्री बैज ने कहा है कि भाजपा सरकार में ब्यूरोक्रेट्स अर्थात आईएएस एसोसिएशन पर ही लगभग एक करोड़ रुपए का बिजली बिल बकाया है, जिसका भुगतान अब तक नहीं हुआ है।

# मुख्यमंत्री साय का जन्मदिन भाजपा सेवा-सुशासन-संकल्प दिवस के रूप में मनाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- प्रदेशभर में होंगे विभिन्न कार्यक्रम
- आम जनमानस की सुविधा के लिए प्रत्येक जिले में निःशुल्क मेडिकल कैंप लगाए जाएंगे

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के 62वें जन्मदिवस को पूरे प्रदेश में एक ऐतिहासिक और सेवाभावी उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय भाजपा के प्रदेश संगठन ने लिया गया है। भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कण्डेय ने बताया, इस विशेष अवसर को सेवा-सुशासन-संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के सभी मोर्चा और कार्यकर्ताओं ने व्यापक कार्ययोजना तैयार की है।

डॉ. मार्कण्डेय ने बताया, मुख्यमंत्री श्री साय के जन्मदिन को जन-सेवा से जोड़ने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों, वृद्धाश्रमों और अनाथालयों में फल वितरण किया जाएगा। एक पेड़ मां के नाम अभियान और मुख्यमंत्री श्री साय के पर्यावरण प्रेम को देखते हुए राज्यभर में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आम जनमानस की सुविधा के लिए प्रत्येक जिले में निःशुल्क मेडिकल कैंप लगाए जाएंगे, जहां विशेषज्ञों द्वारा जांच और दवाइयों का वितरण होगा। सुशासन के संकल्प को दोहराने के लिए जिला स्तर पर संगोष्ठियों का आयोजन होगा। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के नेतृत्व में राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहे हितग्राहियों का सम्मान करेगा।

# भाजपा विधायक दल की बैठक 22 और कांग्रेस की 23 फरवरी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





- विपक्ष सरकार को घेरने की और सत्ता पक्ष करारा जवाब देने की बनाएगा रणनीति

विधानसभा के बजट सत्र को लेकर सत्ताधारी भाजपा विधायक दल की बैठक सत्र के एक दिन पहले 22 फरवरी को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निवास नया रायपुर में रात 8 बजे रखी गई है। इसमें विपक्ष के सवालों का करारा जवाब देने की रणनीति बनाई जाएगी। इधर विपक्ष कांग्रेस विधायक दल की बैठक सत्र के पहले ही दिन शाम को चार बजे राजीव भवन में रखी गई है। बैठक की अध्यक्षता नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत करेंगे। बैठक में सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने और कई मुद्दों पर स्थगन प्रस्ताव लाने की रणनीति बनाई जाएगी।

छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से प्रारंभ हो रहा है। इस सत्र में बजट पेश किया जाएगा और इस पर चर्चा भी होगी। इस सत्र में विपक्ष के सवालों का जवाब देने के लिए सबसे पहले भाजपा विधायक दल की बैठक 22 फरवरी को मुख्यमंत्री निवास में रखी गई है। इस बैठक में भाजपा के सभी मंत्री और विधायक शामिल होंगे।

इसी के साथ भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय भी रहेंगे। बैठक में विपक्ष किन मुद्दों को उठाने वाला है, उसका जवाब कौन-कौन से मंत्री और विधायक देंगे इसको लेकर रणनीति तैयार की जाएगी।

### विपक्ष कई मुद्दों पर घेरेगा

23 फरवरी को सत्र के बाद राजीव भवन में कांग्रेस विधायक दल की बैठक होगी। इसमें सरकार को घेरने वाले मुद्दों पर रणनीति बनेगी। कांग्रेस खासकर सरकार को धान खरीदी, कानून व्यवस्था, बिजली बिल हॉफ योजना का दायरा कम करने के साथ ही इस साल भी बिजली की कीमत बढ़ाने, एसआईआर में मतदाताओं के बड़ी संख्या में नाम काटने, जशपुर में आदिवासी की मौत सहित कई मुद्दों पर घेरने की रणनीति बनाएगी। बैठक में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के साथ ही कांग्रेस के सभी विधायक शामिल होंगे।

## माशिम के अलावा जिला शिक्षा कार्यालय व प्रशासन स्तर पर बनाया गया उड़नदस्ता दल

# नकल शून्य, परीक्षार्थियों के मध्य पर्याप्त दूरी नहीं होने पर लगी फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- दसवीं की परीक्षाएं आज हिंदी विषय के साथ होगी प्रारंभ

भूगोल और भौतिक शास्त्र संग बारहवीं कक्षा की परीक्षाएं शुक्रवार से प्रारंभ हो गई। खबर लिखे जाने तक प्रदेश में किसी भी तरह के नकल की सूचना माध्यमिक शिक्षा मंडल को प्राप्त नहीं हुई है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा गठित उड़नदस्ते की टीम के अलावा जिला शिक्षा कार्यालय तथा प्रशासन स्तर पर भी उड़नदस्ते का गठन किया गया था। दसवीं-बारहवीं की परीक्षाओं के लिए 2514 केंद्र बनाए गए हैं। टीम ने अलग-अलग केंद्रों में औंचक पहुंचकर निरीक्षण किया। जहां-जहां अव्यवस्था पाई गई, वहां केंद्राध्यक्षों को व्यवस्था सुधारने निर्देश दिए गए।

जिला प्रशासन की टीम अभनपुर, माना, डुमरतराई, मठपुरैना, केंद्री के स्कूलों में निरीक्षण के लिए पहुंची। केंद्राध्यक्षों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे छात्रों की पूरी तरह तलाशी के बाद ही कक्ष में प्रवेश दें। कुछ केंद्रों में छात्रों को जूता-मोजा निकालकर बैठाने भी निर्देश दिया गया, ताकि नकल की कोई आशंका ना रहे।

### *बैग के लिए पृथक कक्ष*

*छात्र परीक्षा दिलाने अपने बैग के साथ पहुंचते हैं। परीक्षा प्रारंभ होने की घंटी बजने के पूर्व वे इन्हें कमरे के बाहर रख देते हैं। इसे लेकर भी निर्देश दिए गए हैं। स्कूल प्रबंधन से कहा गया है कि वे छात्रों के बैग कमरे के बाहर रखवाने के स्थान पर किसी पृथक कमरे में रखवाएं। बैग स्थित छात्रों के अन्य सामान रखने पृथक कक्ष बनाने कहा गया है। गर्मी को देखते हुए पानी व पंखे की व्यवस्था भी दुरस्त रखने कहा गया। दसवीं की परीक्षाएं आज हिंदी विषय के साथ प्रारंभ होगी। आज भी उड़नदस्ते की टीम निरीक्षण के लिए निकलेगी। जिला प्रशासन की टीम में एओ लारी, शरतचंद्र शुक्ला, शैल ठाकुर सहित अन्य शामिल हैं।*



### शिक्षा मंत्री पहुंचे दुर्ग

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने दुर्ग के शा.आदर्श कन्या शाला में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। विद्यार्थियों की समुचित बैठक व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा एवं शांतिपूर्ण वातावरण को लेकर निर्देश दिए। माशिम सचिव पुष्पा साहू तथा सहायक प्राध्यापक डॉ.प्रदीप साहू ने स्वामी आत्मानंद विद्यालय दीपक नगर दुर्ग और हाउसिंग बोर्ड कालोनी भिलाई का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान स्वामी आत्मानंद हायर सेकंडरी स्कूल हाउसिंग बोर्ड कालोनी भिलाई में बैठक व्यवस्था संतोषप्रद नहीं होने पर तत्काल व्यवस्था को दुरूस्त करने निर्देशित किया गया। गौरतलब है, राष्ट्रीय मूल्यांकन केन्द्र परख एनसीईआरटी नई दिल्ली के निर्देशानुसार नई शिक्षा नीति-2020 के तहत 6 डोमेन पर आधारित नवीन संशोधित ब्लूप्रिंट के आधार पर इस वर्ष 10वीं-12वीं के प्रश्नपत्र तैयार किए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### पलौद में छत्रपति शिवाजी की जयंती पर आज शोभायात्रा

**आरंग।** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के शुभ अवसर पर ग्राम पलौद में 21 फरवरी को भव्य जयंती समारोह एवं शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन चन्द्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज उपक्षेत्र-पलौद द्वारा किया जा रहा है। आयोजन को लेकर समाज के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में चन्द्रहास चन्द्राकर (अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ बीज निगम) उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केशव नायकराम चन्द्राकर (अध्यक्ष, चन्द्रनाहु कुर्मी समाज रायपुर राज) करेंगे। संध्या काल में सुआ नृत्य का आयोजन किया जाएगा। आयोजन स्थल चन्द्राकर भवन, पलौद निर्धारित किया गया है। उपक्षेत्र अध्यक्ष संजय चन्द्राकर एवं उपाध्यक्ष घनश्याम चन्द्राकर के नेतृत्व में समस्त कार्यकारिणी सदस्य तैयारियों में जुटे हुए हैं। समाज के सचिव साकेत चन्द्राकर ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### सिंधु शक्ति संस्था के राजू अध्यक्ष मनोनीत

**अभनपुर।** अभनपुर क्षेत्र से पूर्व में जनपद सभापति रह चुके तथा वर्तमान में कृषि साख सहकारी समिति केंद्री के प्राधिकृत अधिकारी राजू तारवानी को सिंधु शक्ति संस्था की बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। संस्था की ओर से आयोजित इस अहम बैठक में आगामी चेट्रीचंडू महोत्सव को व्यापक स्तर पर मनाने की रूपरेखा तय की गई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों और सदस्यों ने निर्णय लिया कि इस वर्ष भी महोत्सव सांस्कृतिक वैभव और सामाजिक सरोकारों के साथ मनाया जाएगा। शारदा चौक पर आकर्षक पंडाल का निर्माण किया जाएगा, जहां समाजहित में रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। संस्था द्वारा प्रतिवर्ष लगभग 100 यूनिट रक्त एकत्र किया जाता है, जो जरूरतमंद मरीजों के उपचार में महत्वपूर्ण योगदान देता है। महोत्सव के दौरान विशाल भंडारे की व्यवस्था रहेगी। साथ ही रात्रि में पारंपरिक जुलूस निकाला जाएगा, जिसका स्वागत विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से किया जाएगा। मुंबई से आमंत्रित कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करेंगे। बैठक में संस्था के संस्थापक किशोर आहूजा, पूर्व अध्यक्ष मनोज डेंगवानी सहित अनेक वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे।

### अंजय वनौषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष बने

**कूंरा।** अंजय शुक्ला लंबे समय से



भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं। संगठनात्मक जिम्मेदारियों के साथ-साथ वे सामाजिक और जनहित से जुड़े मुद्दों पर भी निरंतर सक्रिय रहे हैं। पार्टी के भीतर उनकी कार्यशैली, समन्वय क्षमता और जमीनी स्तर पर मजबूत पकड़ को देखते हुए यह दायित्व उन्हें सौंपा गया है। छत्तीसगढ़ राज्य वनौषधि पादप बोर्ड का मुख्य उद्देश्य राज्य में औषधीय एवं सुगंधित पौधों के संरक्षण, संवर्धन और उनके व्यावसायिक उपयोग को बढ़ावा देना है। बोर्ड किसानों को औषधीय फसलों की खेती के लिए प्रेरित करता है तथा उन्हें प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और विपणन की सुविधाएं उपलब्ध कराता है। राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि वन आधारित अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए और ग्रामीण क्षेत्रों में आय के नए स्रोत विकसित हों।

## निधन

### उर्मिला देवी अग्रवाल

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा के



प्रतिष्ठित ज्वेलर्स एवं श्याम भक्त स्व. रेखराज अग्रवाल की पत्नी श्रीमती उर्मिला देवी अग्रवाल 78 साल का शुक्रवार शाम निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज नेवरा मुक्ति धाम में किया जाएगा। वे दिलीप अग्रवाल. प्रदीप अग्रवाल. अरुण अग्रवाल की माता व मनोज अग्रवाल की चाची तथा आशीष, आदित्य पुलकित, हर्ष,गोलू अग्रवाल की दादी थी। अंतिम यात्रा उनके निज निवास स्थाननेवरा से निकली जाएगी।

### हरीश साहू

**अभनपुर।** ग्राम चंडी निवासी हरीश साहू (गोलू) उम्र 42 वर्ष का 20 फरवरी शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे भाजपा खोरपा मंडल के सक्रिय कार्यकर्त्ता गोपी साहू के सुपुत्र थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

---

### मवेशियों के गिराने और हादसे की बनी रहती है आशंका

# मुरुम व लाइमस्टोन की अवैध खुदाई से दर्जनभर गांवों में बनीं जानलेवा खाइयां

### खनिज विभाग की चुप्पी से ग्रामीणों को जानोमाल का हो रही क्षति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

जनपद पंचायत के अंतर्गत मटिया, लालपुर समेत दर्जनों गांवों में इन दिनों विकास के नाम पर अलग अलग अवैध उत्खनन का खौफनाक खेल जारी है। रसूखदार माफियाओं ने शासन-प्रशासन की नाक के नीचे तालाबों के सौंदर्यीकरण और सरकारी लीज की आड़ में बेशकीमती मुरम और लाइम स्टोन की अंधाधुंध खुदाई कर ग्रामीण भूगोल को पूरी तरह बिगाड़ दिया है, जंहा सार्वजनिक मैदान और तालाब अब गहरे गड्ढों में तो पत्थर खदान 70 फीट गहरी जानलेवा खाइयों में तब्दील हो चुके हैं। राजनीतिक संरक्षण और खनिज विभाग की 'मौन स्वीकृति' के चलते सरकारी खजाने को लाखों का चूना लगाया जा रहा है, जबकि बिना सुरक्षा घेरे की ये खदानें ग्रामीणों और मवेशियों के लिए 'डेथ ट्रैप' बन गई हैं। स्थानीय जनता की शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार कुंभकर्णी नींद में हैं, जो किसी बड़ी जनहानि को खुला निमंत्रण दे रहा है।

***तालाब बनाने के नाम पर खुदाई :*** जनपद पंचायत धरसींवा क्षेत्र के दर्जन भर गांवों में इन दिनों विकास की आड़ में विनाश का काला खेल पूरी निर्लज्जता के साथ खेला जा रहा है। शासन-प्रशासन की नाक के नीचे मुरम का अवैध उत्खनन इतने धड़ल्ले से जारी है कि अब ग्रामीण इलाकों की भौगोलिक सूरत ही बिगड़ गई है। माफियाओं ने अपनी जेबें भरने के लिए न केवल सरकारी खजाने को लाखों का चूना लगाया है, बल्कि जल संरक्षण के नाम पर तालाबों का अस्तित्व भी खतरे में डाल दिया है। कागजों पर जहाँ तालाबों को गहरा करने और उनके पुनरुद्धार की बात कही जाती है, वहीं हकीकत में माफिया वहां से बेशकीमती मुरम और मिट्टी खोदकर बाजारों में बेच रहे हैं।



#### दोषियों पर होगी कठोर कार्रवाई

हमें अब तक केवल मिट्टी खुदाई की सूचना मिली थी। अब मामला संज्ञान में आया है, तो इसकी गंभीरता से जांच कराई जाएगी। यदि कहीं भी नियमों का उल्लंघन या अवैध उत्खनन पाया जाता है, तो दोषियों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। *-उमेश भार्गव, खनिज अधिकारी*

#### खनिज माफियाओं के रसूख के आगे बौना पड़ा प्रशासन

**धरसींवा।** राजधानी से सटे धरसींवा जनपद पंचायत के ग्राम मटिया और लालपुर इन दिनों विकास की नहीं, बल्कि विनाश की इबारत लिख रहे हैं। क्षेत्र के बेशकीमती लाइम स्टोन (चूना पत्थर) पर खनिज माफियाओं की ऐसी नजर लगी है कि सरकार के नियम-कायदे सिर्फ फाइलों तक सिमट कर रह गए हैं। यहाँ वैध लीज की आड़ में अवैध खनन का ऐसा खेल चल रहा है, जिसने पूरे इलाके को मौत के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। हैरानी की बात यह है कि सरकारी दस्तावेजों में खनन के लिए महज 'चंद टुकड़े' जमीन लीज पर दिखाई जाती है, लेकिन हकीकत में इसके दस गुना ज्यादा रकबे पर अवैध तरीके से खुदाई जारी है। वर्तमान में मटिया और लालपुर की खदानें किसी खदान जैसी नहीं, बल्कि 70 फीट गहरी डरावनी खाइयों में तब्दील हो चुकी हैं।

#### सुरक्षा की अनदेखा से मौत की खाई बनी

इन गहरी खाइयों के आसपास सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं। न ही कोई घेराबंदी की गई है और न ही चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। मवेशी यहाँ खुलेआम विचरण करते हैं, जिनके लिए ये खदानें 'डेथ ट्रैप' साबित हो रही हैं।

---

## शिवाजी महाराज जयंती पर 30 लोगों ने किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

गुरुवार को छत्रपति शिवाजी महाराज जी की जयंती के अवसर पर शिवसेना आरंग नगर एवं विधानसभा के सभी सदस्यगण एवं पदाधिकारियों ने रायपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि राकेश शर्मा के नेतृत्व में शिवाजी चौक कलई मोड़ में छत्रपति शिवाजी महाराज जी का पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें 30 लोगों ने रक्तदान किया।

रायपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष राकेश शर्मा और आरंग नगर अध्यक्ष राज दुबे ने शिवाजी महाराज जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शिवाजी महाराज जी को उनकी माता जीजाबाई ने बचपन से ही गीता और रामायण की शिक्षा दी तथा युद्ध कौशल में भी पारंगत किया। शिवाजी महाराज गोरिल्ला युद्ध कौशल में बेहद ही माहिर थे।

कार्यक्रम में उजाला जलक्षत्री, रिंकु यादव, व्यास सोनकर, शत्रुघन सोनकर, टेकू देवांगन, देवा साहू, रवि लोधी, कोमल यादव, मानस लोधी, बादल निषाद, जितेन्द्र निषाद, सूर्या साहू, कमलेश निर्मलकर, भुनेश्वर लोधी, राजा तोड़े, एवं अधिक संख्या में शिवसैनिक उपस्थित थे। शिवसैनिकों के अलावा रक्तदाताओं मे अविनाश विक्की साहू, तुलाराम साहू, प्रियांशु निषाद, कुशल देवांगन, अनमोल अग्रवाल, गोपाल यादव, नवीन कुमार, आशीष कियानी, मुकेश साहू, उपेन्द्र जैन सहित कुल 30 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को मोमेंटो, ईयर बड्स, कॉफी, जूस, बिस्किट, गणेश मोबाइल के सौजन्य से बैग एवं शिवनाथ ब्लड बैंक आरंग द्वारा प्रशस्ति पत्र सम्मानपूर्वक भेंट किया गया।

### दिवंगत पुत्र की स्मृति में कराया न्योता भोज

**अभनपुर।** पीएम श्री उत्कृष्ट विद्यालय अभनपुर में प्राचार्य डॉ. तारा त्रिपाठी ने अपने ब्रह्मलीन सुपुत्र रूपक त्रिपाठी के जन्मदिन पर पारंपरिक न्यौता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर सैकड़ों विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सहभागिता की तथा दिवंगत रूपक त्रिपाठी को मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को विद्यालय हित में समर्पित भाव से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और चॉकलेट, पेन व पेंसिल वितरित किए। उन्होंने विद्यालय के शैक्षणिक परिणाम सुधारने हेतु अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

---

## चिकित्सा शिविर में आपरेशन के लिए 12 मरीजों का चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड, के सौजन्य से समता फाउंडेसन और ऍम जी एम हॉस्पिटल रायपुर ,ओम हॉस्पिटल रायपुर,पेटल्स हॉस्पिटल, उपाध्याय हॉस्पिटल रायपुर के विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम के सहयोग से ग्राम पंचायत सांकरा के पंचायत भवन में नि;शुल्क नेत्र परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में आस-पास के आधा दर्जन से अधिक गावों के लगभग 200 से अधिक ग्रामीणों ने निशुल्क नेत्र जाँच ,खून जाँच ,बी पी ,शुगर ,,जनरल चेकअप कराकर लाभ प्राप्त किया। विशेषज्ञों ने मरीजों को जांच कर उपचार परामर्श प्रदान किया गया। साथ हि आवश्यकता अनुसार मरीजों को आगे के उपचार के लिए पंजीकृत किया गया। शिविर में 12 लोगो मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया.सभी का निशुल्क आपरेशन संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड,के सहयोग से ऍम जी एम हॉस्पिटल रायपुर में किया जाएगा।आपरेशन कराने वालो के लिए आने जाने रहने की व्स्था कामनी और से की गई है । इस मौके पर संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड, की सी एस आर हेड श्रीमती शीतल गोयल ने संस्था द्वारा आयोजित जनसेवा कार्यों की जानकारी दी।

## नकटा में अवैध प्लाटिंग कार्रवाई के बाद भी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के निकटवर्ती क्षेत्र मंदिर हसौद नगर पालिका के अंतर्गत ग्राम नकटा में अवैध प्लाटिंग के मामले में गंभीर रूप ले लिया है। शिकायत के अनुसार भू-माफिया सरकारी/नगर पालिका की भूमि पर बिना किसी अनुमति के अवैध रूप से रोड-रास्ता बनाकर प्लाटिंग कर रहे हैं।

शिकायत के बाद नगर पालिका एवं तहसीलदार ने सयुक्त कार्यवाही करते हुए प्लाटिंग के लिए बनाए गये रोड मार्किंग पोल बाउंड्री को ध्वस्त किया था। उनके महज कुछ दिनों बाद ही अवैध प्लाटिंग का लगभग 200 प्लाट की टुकड़ो में रजिस्ट्री हो गई जो गंभीर रूप से निगम प्रशासन की लापरवाही मिलीभगत की ओर इशारा करता है। भू माफिया ग्राम एवं नगर निवेश विभाग तथा रेरा से कोई लेआउट, नक्शा पास या अनुमति नहीं ली गई है। बावजूद इसके, कैनोपी लगाकर लोगों को भ्रामक प्रलोभन देकर प्लाट बेचे जा रहे हैं। जिला प्रशासन ने अवैध प्लाटिंग पर सख्त



कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। उनके उपरांत भी संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी खसरा ब्लॉक करने की कार्यवाही तथा दोषी भू-माफियाओं पर शासन के नियमों के खिलाफ अवैध प्लाटिंग किये जाने के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने का आदेश का पालन नहीं किया जा रहा हैं। इस मामले में पुनः कलेक्टर तहसीलदार एसडीएम सी.एम.ओ. नगर पालिका मंदिर हसौद को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है।

## 18 बटुकों का वैदिक रीति से सामूहिक उपनयन संस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

धर्मनगरी आरंग में ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित भव्य सामूहिक उपनयन (जनेऊ) संस्कार अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस मांगलिक अवसर पर 18 से अधिक बटुकों ने वैदिक रीति-रिवाजों के साथ यज्ञोपवीत धारण किया और संस्कार व शुभता के मार्ग पर चलने का दृढ़ संकल्प लिया। संस्कार की पूरी प्रक्रिया स्थानीय आचार्य पंडित परशु शर्मा एवं पंडित भानुप्रताप शर्मा के सानिध्य में संपन्न हुई।

ब्रह्ममुहूर्त से प्रारंभ हुए इस आयोजन में बटुकों का मुंडन, जनेऊ धारण एवं गुरुदीक्षा जैसे महत्वपूर्ण अनुष्ठान मंत्रोच्चार के बीच कराए गए। आचार्यों ने बटुकों को जनेऊ के महत्व एवं धर्म के मार्ग पर चलने की शिक्षा दी। मुख्य अतिथि डॉ. संदीप जैन (अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद आरंग) ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बटुकों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। अध्यक्षता कर रहे राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त ध्रुव कुमार मिर्धा (अध्यक्ष, चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड, छत्तीसगढ़) ने अपने उद्बोधन में धार्मिक आयोजनों की सामाजिक प्रासंगिकता पर बल देते हुए इसे समाज की एकजुटता का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में शुभ्रा मनीष शर्मा (पार्षद एवं जिला महामंत्री महिला मोर्चा महासमुंद), पार्षदगण खुशबू राकेश शर्मा, उमाकांत यादव, संतोष लोधी, वीरेंद्र गोलू कडरा, राकेश भानुमति सोनकर एवं सुशील जलक्षत्री ने भी संबोधित किया। इस भव्य आयोजन के प्रथम चरण में अतिथि के रूप में सुषमा ध्रुव तिवारी (महामंत्री, केंद्रीय समिति ब्राह्मण समाज रायपुर), प्रमोद तिवारी (अध्यक्ष महासमुंद), मनीष शर्मा एवं यशवंत चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

## बिलजी आयोग की जनसुनवाई में कांग्रेस अध्यक्ष ने उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 एवं बहुवर्षीय नियोजन अवधि टैरिफ एवं अन्य याचिकाओं पर आयोजित जनसुनवाई में जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष श्री राजेन्द्र पप्पू बंजारे ने दोहरी भूमिका निभाई। उन्होंने सबसे पहले आयोग के कार्यालय सिचाई कॉलोनी, शांतिनगर, रायपुर के सामने प्रदर्शन कर ग्रामीण उपभोक्ताओं की पीड़ा को बुलंद किया तथा फिर जनसुनवाई में शामिल होकर ग्रामीण क्षेत्रों की गंभीर समस्याओं को आयोग के समक्ष मजबूती से रखा। प्रदर्शन एवं जनसुनवाई के दौरान श्री राजेन्द्र पप्पू बंजारे ने कहा कि ग्रामीण छत्तीसगढ़ में बिजली आपूर्ति की स्थिति दिन-ब-दिन बदतर हो रही है। प्रमुख समस्याएं निम्न हैं: लो वोल्टेज की लगातार समस्या से पंप, मोटर जलना एवं घरेलू उपकरण खराब होना।

ट्रांसफार्मर की कमी एवं ओवरलोडिंग से बार-बार फ्यूज उड़ना। बिना सूचना के लंबी बिजली कटौती, विशेषकर सिंचाई के मौसम में, जिससे फसलें सूख रही हैं। कुछ दूरस्थ एवं नक्सल प्रभावित गांवों में बिजली अभी भी नहीं पहुंच पाई या अनियमित है। अत्यधिक बिलिंग, गलत मीटर रीडिंग एवं महंगे बिल का बोझ। मेंटेनेंस में देरी से छोटी खराबियां भी लंबे समय तक बनी रहना।

### धमतरी के दो युवकों को दो ...

छोटा चिकन (19), राकेश धीवर (24), अनिल धीवर (30) और हरिओम सोनकर (47) को गिरफ्तार किया है। पुलिस को परिजनों के माध्यम से दोनों युवकों के बंधक बनाए जाने की गुरुवार को जानकारी मिली। इस पर पुलिस की स्पेशल टीम गठित कर मामले की जांच करते हुए बदमाशों की पतासाजी कर गिरफ्तार किया।

### लावारिस लाशों का अंतिम ...

दुर्गति को लेकर हरिभूमि ने शुक्रवार के अंक में प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित की है। खबर प्रकाशित होने के बाद भले ही प्रशासन की नींद नहीं टूटी, एक अन्य सामाजिक संस्था कृष्ण मित्र फाउंडेशन लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार करने सरजू बांधा तालाब के पास अपने श्मशान घाट में लावारिस लाशों का विधि विधान से अंतिम संस्कार करने की बात कही है। इसके लिए संस्था के प्रमुख माधव यादव ने तहसीलदार को पत्र लिख कर लावारिस लाशों का अंतिम

## पेज 13 के शेष ...

संस्कार करने जगह देने पत्र लिखने की जानकारी दी।

### होली में 14 फेरे के लिए...

राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, उसलापुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया स्टेशनों पर दिया गया है। 08865/08866 गोंदिया-छपरा-गोंदिया होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन दोनों ओर से 01-01 फेरों के लिए किया जाएगा । यह ट्रेन गोंदिया से 02 मार्च (सोमवार) को और वापसी में छपरा से 04 मार्च (बुधवार) को व्हाया न्यू कटनी जंक्शन होकर चलेगी। इस गाड़ी का ठहराव डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, उसलापुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया स्टेशनों पर दिया गया है।

08753/08754 दुर्ग-मधुबनी-दुर्ग होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन दोनों ओर से 01-01 फेरों के लिए किया जाएगा । यह ट्रेन दुर्ग से 01 मार्च (रविवार) को और वापसी में मधुबनी से 02 मार्च (सोमवार) को व्हाया झारसुगुड़ा होकर चलेगी। इस गाड़ी का ठहराव रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा एवं रायगढ़ स्टेशनों पर दिया गया है।

08861/08862 गोंदिया-पटना-गोंदिया होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन दोनों ओर से 01-01 फेरों के लिए किया जाएगा। यह ट्रेन गोंदिया से 02 मार्च (सोमवार) को और वापसी में पटना से 03 मार्च (मंगलवार) को व्हाया झारसुगुड़ा होकर चलेगी। इस गाड़ी का ठहराव डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, चाम्पा एवं रायगढ़ स्टेशनों पर दिया गया है।

08263/08264 बिलासपुर-चर्लपल्ली-बिलासपुर होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन दोनों ओर से 01-01 फेरों के लिए किया जाएगा । यह ट्रेन बिलासपुर से 27 फरवरी (शुक्रवार) को और वापसी में चर्लपल्ली से 28 फरवरी (शनिवार) को व्हाया बल्हारशाह होकर चलेगी। इस गाड़ी का ठहराव भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, गोंदिया, वड़सा एवं चांदा फोर्ट स्टेशनों पर दिया गया है।

---


**नाम सुधार सूचना**

मैं, वैशाली सावरिया (VAISHALI SAWARIA), निवासी रायपुर, छत्तीसगढ़, यह सार्वजनिक रूप से घोषणा करती हूँ कि मेरे नाम के संबंध में कुछ दस्तावेज़ों में भिन्नता पाई गई है।

मेरे नाम को कहीं वैशाली (VAISHALI) तथा कहीं वैशाली सावरिया (VAISHALI SAWARIA) के रूप में अंकित किया गया है।

यह स्पष्ट किया जाता है कि वैशाली सावरिया (VAISHALI SAWARIA) मेरा सही, पूर्ण एवं वास्तविक नाम है।

भविष्य में मेरे सभी आधिकारिक दस्तावेज़ों, विशेष रूप से पासपोर्ट में मेरा नाम वैशाली सावरिया (VAISHALI SAWARIA) ही माना जाए। यह कि, वैशाली सावरिया (VAISHALI SAWARIA) तथा वैशाली (VAISHALI) उक्त दोनों नाम मेरे ही नाम है तथा मेरी माता का नाम श्रीमती दिव्या सावरिया (SMT. DIVYA SAWARIA) तथा श्रीमती दिव्या (SMT. DIVYA) उक्त दोनो नाम मेरी माता के ही नाम है अर्थात् एक व्यक्ति दो प्रचलित नाम है।

यह सूचना शपथ-पत्र **दिनांक 17 फरवरी 2026, रायपुर (छ.ग.)** के आधार पर प्रकाशित की जा रही है।

दिनांकः 17/02/2026

**वैशाली सावरिया, रायपुर, छत्तीसगढ़**

**न्यायालय तहसीलदार गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202410114800007/अ-5
वर्ष 2024-25
ग्राम तोरला, प.ह.नं. 07

**सूचना पत्र/नोटिस**

प्रति,
1. भूपेन्द्र साहू पिता कुंतराम साहू
2. बिशा पित छबिलाल
3. महेन्द्र पिता बाबूलाल
4. मुन्ना पिता होरीलाल- सभी कास्तकार निवासी ग्राम तोरला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)

इस सूचना पत्र के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक विरेन्द्र जोशी पिता स्व. श्री बाबूलाल जोशी निवासी ग्राम मुजगहन तहसील व जिला रायपुर द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 89 छ.ग. भू-राजस्व संहित के तहत आवेदन पेश किया है कि ग्राम तोरला प.ह.नं. 06 रा.नि.मं. तोरला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर स्थित भूमि पुराना ख.नं. 543, 577, 865, 920, 921 रकबा क्रमशः 0.109, 2.258, 0.352, 0. 263, 1.344 हे. कुल ख.नं. 05 कुल रकबा 4.326 हे. भूमि आवेदक के दादा बाबूलाल के संयुक्त नाम पर दर्ज था। पुराना ख.नं. 577 का रकबा 2.258 हे. था, जो बंदोबस्त पश्चात नया ख.नं. 689, 690, 691, 700 रकबा क्रमशः 0.52, 0.80, 0.30, 0.46 हे. कुल रकबा 2.08 हे. निर्मित किया गया, जो वर्तमान में आवेदक के संयुक्त नाम पर दर्ज है। इस प्रकार आवेदक की भूमि में बंदोबस्त पश्चात मूल रकबा 2.258 हे. में 0.18 हे. कम दर्ज कर दिया गया है, जिसके कारण बंदोबस्त त्रुटि सुधार किये जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है। तत्संबंध मे इस न्यायालय में रा.प्र.क्र. 202410114800007/अ-5/2024-25 विचाराधीन है। उक्त प्रकरण के खसरा नंबरो के भागो में आप हितबद्ध पक्षकार / वर्तमान भूमिस्वामी / प्रभावित कृषक है।

अतः आपको इस समंस के माध्यम से सूचना दी जाती है कि आप नियत पेशी दिनांक 06/03/2026 को इस न्यायालय में अनिवार्य रूप से स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेंगी।

आज दिनांक 18/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
गोबरा नवापारा

**-: आम सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विशेष आवासीय योजना अंतर्गत ग्राम सेरीखेड़ी रायपुर में आवासीय भूखण्ड क्रमांक- 74 **श्री भागवत प्रसाद मेरावी पिता श्री दाऊ राम मेरावी** के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। जो कि पिता का नाम श्री दाऊ राम मेरावी था जो कि आधार कार्ड में सुधार एवं सही कर श्री दाऊ लाल मेरावी किया गया है जो सत्य एवं सही कहा गया है। आवेदक द्वारा आधार कार्ड एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर अभिलेख में अंकित करने हेतु अनुरोध किया गया है।

अतः उक्त भूखण्ड को **श्री भागवत प्रसाद मेरावी पिता श्री दाऊ लाल मेरावी** के नाम पर दर्ज करने में किसी भी व्यक्ति, बैंक/ शासकीय /अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राज. परि.**
**नवा रायपुर अटल नगर**




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जगदलपुर, रायपुर और राजनांदगांव का पारा 34 डिग्री के पार

**रायपुर।** बढ़ती गर्मी के दौर में जगदलपुर, रायपुर और राजनांदगांव का तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। अगले दो दिन इसमें और बढ़ोतरी होने की संभावना है। इसके बाद मौसम के बदलाव से तापमान में थोड़ी गिरावट होने की संभावना है। शहर का न्यूनतम तापमान बढ़कर 20 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है।फरवरी के दूसरे पखवाड़े से गर्मी बढ़ते क्रम में महसूस हो रही है। खासकर रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग में दिन का तापमान ऊपर की ओर चढ़ रहा है। आने वाले मौसमी बदलाव से इसमें गिरावट तो हो रही है, मगर अंतर बढ़ा नहीं है। पिछले चौबीस घंटे में रायपुर के साथ राजनांदगांव और जगदलपुर में दिन की गर्मी लगभग एक सी स्थिति में रही। इसके पूर्व रात में तीनों शहर में मौसम का प्रभाव अलग-अलग रहा। तीनों शहरों के न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस का अंतर रहा। माना जा रहा है कि अगले दो दिनों गर्मी बढ़ने और इसके बाद थोड़ी गिरावट आने की संभावना बन रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि न्यूनतम तापमान में भले ही बढ़ोतरी हो रही है मगर मार्च के प्रथम सप्ताह में होली के दौरान हल्की ठंड रहने का अनुमान है। शुक्रवार को दिन में धूप का प्रभाव तेज रहा इसके पहले सुबह के वक्त गुलाबी ठंड महसूस होती रही।

### प्रदेश में अब तक का सबसे बड़ा डॉग शो कल



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ कैनाइन एसोसिएशन द्वारा डॉग शो का आयोजन किया जा रहा है। रविवार 22 फरवरी को अब तक का प्रदेश का सबसे बड़ा डॉग शो कालीमाता मंदिर आकाशवाणी के सामने गॉस मेमोरियल ग्राउंड में होगा। शो में विभिन्न नस्लों के बेहतरीन डॉग देखने को मिलेंगे। बता दें कि डॉग शो एक प्रतिस्पर्धी आयोजन होता है, जहां विभिन्न नस्लों के कुत्तों के शारीरिक सौंदर्य, बनावट, व्यवहार और अनुशासन का परीक्षण किया जाता है। यह आयोजन कुत्तों के गुणों को उजागर करने के उद्देश्य से होता है।

# पटरियों में आया वेल्ड फ्रैक्चर, चार महीने में मिले 7 मामले, सजग प्रहरियों से टली दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

सर्दियों में अक्सर रेल का तापमान कम होने पर पटरियां सिकुड़ जाती हैं, जिससे वेल्ड फ्रैक्चर की समस्या बढ़ जाती है। इससे बचने रेलवे, पटरियों में हर साल ट्रैकमैन की संख्या बढ़ा देता है। यह वजह है कि इस बार जोन में नवंबर से जनवरी तक हुए वेल्ड फ्रैक्चर होने की जानकारी समय रहते मिल गई और तत्काल ट्रैक को ठीक कराया गया। बता दें कि इस बार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में वेल्ड फ्रैक्चर के सर्वाधिक मामले नागपुर मंडल में देखने को मिले हैं। नवंबर से दिसंबर के महीने में नागपुर मंडल में वेल्ड फ्रैक्चर के 6 मामले सामने आए। इसके अलावा जनवरी में बिलासपुर मंडल में एक मामला सामने आया। वेल्ड फ्रैक्चर की जानकारी देने वाले सजग प्रहरी कर्मचारियों का सम्मान महाप्रबंधक ने किया गया। जानकारी मुताबिक नागपुर मंडल की ओर सर्वाधिक ठंड दिसंबर में देखी गई है, जिससे पटरियों के बीच वेल्ड फ्रैक्चर आ गया था। पिछले साल से इस बार कमी आई है। कर्मचारियों की तत्परता से समय रहते वेल्ड फ्रैक्चर को ठीक कर लिया गया। फ्रैक्चर आने से ट्रेन के पटरियों के नीचे आने की समस्या बढ़ जाती है। बड़ी दुर्घटना का कारण भी बन जाता है।



### महाप्रबंधक ने किया सम्मानित

सजगता एवं बेहतर संरक्षा कार्य में सहभागिता निभाने वाले रेल संरक्षा के सजग प्रहरी कर्मचारियों का सम्मान महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा हर माह आयोजित संरक्षा बैठक के दौरान किया जाता है। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में कार्यरत संरक्षा कोटि के 07 कर्मचारियो को उनके उत्कृष्ट व सराहनीय संरक्षा संबंधी कार्य निष्पादन के लिए महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के द्वारा सम्मानित किया गया।

**केस 1**

नागपुर रेल मंडल के की-मैन / चांदाफोर्ट, श्री अश्विन भास्कर गोवर्धन ने 20 दिसंबर को अपने ड्यूटी के दौरान रजोली-मूलमरोड़ा सेक्शन में ड्यूटी के दौरान वेल्ड फ्रेक्चर देखा" और तत्काल इसकी सूचना सर्वसंबंधित को दिया जिसके उपरांत आवश्यक कार्यवाही कर ट्रैक को ठीक किया गया।

**केस 2**

नागपुर रेल मंडल के की-मैन/चंद्राफोर्ट श्री विश्राम साहु ने 21 दिसंबर को अपने ड्यूटी के आलेवाही-सिंदेवाही सेक्शन में ड्यूटी के दौरान वेल्ड फ्रेक्चर देखा और तत्काल" इसकी सूचना सर्वसंबंधित को दिया।

**केस 3**

नागपुर रेल मंडल के ट्रैक मैंटेनर-III/ ग्वारिघाट श्री मनोज कुमार यादव ने 23/24 नवंबर को अपने ड्यूटी के दौरान घंसौर–बिनेकी सेक्शन में ड्यूटी के दौरान किलो मीटर 1155/11J-12J में "रेल फ्रेक्चर" देखा और तत्काल इसकी सूचना सर्वसंबंधित को दिया जिसके उपरांत आवश्यक कार्यवाही कर ट्रैक को ठीक किया गया।

**केस 4**

नागपुर रेल मंडल के ट्रैक मैंटेनर-III/आमगांव श्री उत्तम कुमार ने 28/29 नवंबर को अपने ड्यूटी के दौरान सालेकसा–धानौली सेक्शन में ड्यूटी के दौरान कि. मी. 969/15-17 में "वेल्ड फ्रेक्चर" देखा और तत्काल इसकी सूचना सर्वसंबंधित को दिया।

**केस 5**

बिलासपुर रेल मंडल के ट्रैक मैंटेनर-IV/ बाराद्वार हिमांशु ने दिनांक 11 जनवरी को अपने ड्यूटी के दौरान सक्ती- बाराद्वार सेक्शन के बीच रात्रि में ट्रैक पैट्रोलिंग के दौरान अप लाइन में "रेल फ्रेक्चर" देखा और तत्काल इसकी सूचना सर्वसंबंधित को दिया।

## बिजली के नए टैरिफ के लिए जनसुनवाई पूरी

# पेंशन फंड में 15 हजार करोड़ की कमी की शिकायत उद्योगों ने कहा- कीमत बढ़ाने से होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

बिजली के नए टैरिफ के लिए बिजली नियामक आयोग के दफ्तर में जनसुनवाई के दूसरे और अंतिम दिन छत्तीसगढ़ विद्युत सेवानिवृत्त कर्मचारी अधिकारी महासंघ ने पेंशन फंड में 15 हजार करोड़ की कमी का मामला सामने रखते हुए बताया, आने वाले समय में यही स्थिति कायम रही, तो पेंशनधारकों को पेंशन ही नहीं मिल पाएगी। स्टील उद्योगों ने बिजली की कीमत न बढ़ाने के साथ ही लोड फैक्टर में छूट को कायम रखने की मांग की। एमएसएमई लघु उद्योगों ने कीमत बढ़ाने का विरोध करते हुए पॉवर कंपनी के लगातार बढ़ते घाटे पर ही सवाल खड़ा किया।

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने नए सत्र 2026-27 के लिए जो याचिका लगाई है, उसमें 63 सौ करोड़ के पुराने घाटे की भरपाई के लिए हर वर्ग की बिजली की कीमत बढ़ाने की मांग रखी है। अब नया टैरिफ तय करने से पहले आयोग सुनवाई कर रहा है। दो दिनों की सुनवाई में पहले दिन घरेलू के साथ अन्य वर्ग को मौका दिया गया था। अब दूसरे दिन अलग-अलग वर्गों की सुबह से लेकर शाम तक सुनवाई की गई। सुनवाई अब पूरी हो गई है। अब आयोग पूरा लेखा-जोखा देखने के बाद तय करेगा कि किस वर्ग का कितना टैरिफ बढ़ेगा।



### बताई कर्मचारियों की कमी

छत्तीसगढ़ विद्युत सेवानिवृत्त कर्मचारी अधिकारी महासंघ के पदाधिकारियों ने जनसुनवाई में मुख्य रूप से पेंशन फंड को लेकर अपना आक्रोश जताते हुए बताया कि इस फंड में 21 हजार करोड़ रुपए होने चाहिए, लेकिन इस फंड में इस समय छह हजार करोड़ ही है। 15 हजार करोड़ की कमी को कंपनी को लंबे समय से पूरा ही नहीं कर रही है। पीएन सिंह ने कहा, मुख्यमंत्री ने 2024 में पेंशन फंड को पूरा करने के लिए कहा था, उस समय फंड में 30 फीसदी की कमी थी, इस कमी को तो पूरा नहीं किया गया, अब यह कमी 67 फीसदी हो गई है। ऐसे में कभी भी पेंशन को लेकर संकट हो सकता है। पॉवर कंपनी के दफ्तर को नया रायपुर में शिफ्ट करने का भी विरोध किया गया। इसमें पांच सौ करोड़ की फिजूलखर्ची की बात की गई। पदाधिकारियों ने क्लास 1,2 की तुलना में 3,4 कर्मचारियों की बहुत ज्यादा कमी बताई। शासकीय सब्सिडी से कंपनी कर्मचारियों को वंचित कर अब सोलर प्लांट के नाम पर कर्मचारियों पर अनुचित दबाव बनाने की बात की गई। महासंघ ने स्टील उद्योग को लोड फैक्टर का लाभ देना पूरी तरह से बंद करने की मांग रखी।

### लघु उद्योगों को कम कीमत पर दें बिजली

*लघु उद्योगों की तरफ से श्याम काबरा ने पक्ष रखा। उरला एसोसिएशन के अश्वनी गर्ग ने बताया कि पॉवर कंपनी लगातार अपना घाटा हर साल बढ़ाते हुए बिजली की कीमत बढ़ाने की मांग करती है। कंपनी अपना बकाया भी वसूल नहीं पा रही है। सरकार से सब्सिडी भी पूरी नहीं मिल पाती है। इन सबका खामियाजा उपभोक्ताओं को उठाना पड़ता है। छोटे उद्योगें को पहले ही बिजली 10 यूनिट तक पड़ रही है, अगर दाम और बढ़ा दिए गए तो लघु उद्योग बंद हो जाएंगे। लघु उद्योगों को ज्यादा लोड का प्रयोग करने पर छूट देने की मांग रखी गई।*

### दाम न बढ़ाने की मांग

*स्टील उद्योग की तरफ से एसोसिएशन के महासचिव मनीष धुप्पड़ ने अपना पक्ष रखते हुए कहा, स्टील उद्योगों की बिजली की कीमत बढ़ाने और लोड फैक्टर को कम करने से उद्योग परेशानी में पड़ जाएंगे। बिजली के दाम न बढ़ाने के साथ लोड फैक्टर को कम न करने की मांग रखी गई। रोलिंग मील वालों ने भी अपनी मांग रखते हुए दाम करने की मांग की।*

## यूजीसी एक्ट लागू करने भीम आर्मी ने रैली-जुलूस निकालकर किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

यूजीसी एक्ट लागू करने के समर्थन में भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को राजधानी रायपुर में जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने मोतीबाग मार्ग पर ही बैरिकेड्स लगाकर रखे थे। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने दोपहर बाद मोतीबाग के पास एकत्र हुए और कुछ दूर रैली जूलूस निकालकर प्रदर्शन करते हुए यूजीसी एक्ट को लागू तथा विस्तार करने की मांग करते हुए नारेबाजी की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने करीब आधे घंटे तक सड़क पर बैठे रहे। इसके बाद अपनी मांगों को लेकर भीम आर्मी के प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपने के बाद प्रदर्शन समाप्त किया।

भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने कहा कि विश्वविद्यालयों में एससी, एसटी एवं ओबीसी वर्ग के छात्र-छात्राओं को प्रताड़ित किया जाता है, उनका सम्मान नहीं किया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यूजीसी एक्ट 2026 को इसे देखते हुए ही देश में लागू किया गया था। यह बिल ओबीसी तथा एससी, एसटी वर्ग के बच्चों के अधिकारों से जुड़ा है और इसे लागू किया जाना उनके शैक्षिक व सामाजिक हित में आवश्यक है, लेकिन अब इस पर रोक लगा दी गई है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अगर जल्द ही रोक को हटाया नहीं गया तो पूरे देश में उग्र आंदोलन की तैयारी की जा रही है। इस कड़ी में हम रायपुर सहित पूरे प्रदेश में भी उग्र आंदोलन करेंगे।

उल्लेखनीय है कि यूजीसी बिल में संशोधन के बाद सामान्य वर्ग के लोगों ने इसके विरोध में प्रदर्शन किया था। सवर्ण वर्ग द्वारा दाखिल की गई याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इस संशोधन पर रोक लगा दी है।

## कृषि विज्ञान केंद्र कर्मियों की आईजीकेवी से मांग, समान कार्य का मिले समान वेतन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कृषि विज्ञान केन्द्र सर्व कर्मचारी कल्याण संघ से जुड़े कर्मचारियों और अधिकारियों के वैधानिक अधिकारों का हनन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा किया जा रहा है। इस संदर्भ में जानकारी देने और कानूनी लड़ाई के बाद जारी आदेश का पालन करने के बजाय जिम्मेदारों द्वारा भ्रामक जानकारी प्रसारित की जा रही है कि कर्मचारियों और अधिकारियों को जनवरी 2026 तक सभी को पूर्ण वेतन भुगतान किया जा चुका है। शुक्रवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने कहा, हम प्रबंधन के दावे का खंडन करने के लिए आए हैं। उन्होंने बताया कि संघ द्वारा पूर्व में वेतन विसंगति,पूर्ण वेतन भुगतान, वैधानिक भत्तों की बहाली और उच्च वेतनमान, सेवा निवृत्ति आयु जैसे मुद्दों को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में पंडाल लगाकर 16 से 20 फरवरी तक कामबंद हड़ताल किया गया। साथ ही प्रबंधन द्वारा की गई खामियों को दुरुस्त करने के लिए आगाह भी किया गया।

## केटीयू के कुलपति ने ग्रहण किया पदभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

रायपुर। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि के कुलपति प्रो. मनोज दयाल ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण कर लिया। गुरुवार को राजभवन ने उनके नाम पर मुहर लगाते हुए उन्हें पत्रकारिता विवि का कुलपति नियुक्त किया था। बीते 11 माह से प्रभार संभाल रहे संभागायुक्त महादेव कावरे को इस दौरान विदाई भी दी गई। वीसी ने प्रशासनिक एवं अकादमिक कार्यों की समीक्षा की। रिसर्च एवं पीजी के विद्यार्थियों से मुलाकात के अलावा टेलीविजन स्टूडियो एवं संकाय भवनों का निरीक्षण किया। विवि के समस्त विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, अधिकारी एवं कर्मचारी इस दौरान उपस्थित रहे।

## मछुआरों के जाल में फंसे मगरमच्छ का रेस्क्यू, जंगल सफारी लाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

बलौदाबाजार स्थित हरदी के तालाब में मछुआरों के जाल में फंसे मगरमच्छ का रेस्क्यू कर सुरक्षा की दृष्टि से जंगल सफारी लाया गया है। जंगल सफारी में मगरमच्छ का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वन्यजीव चिकित्सकों ने मगरमच्छ को पूरी तरह से स्वस्थ्य बताया है। मगरमच्छ को जंगल सफारी लाने की पुष्टि पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ अरुण पाण्डेय ने की है। अफसर के अनुसार मछुआरों ने मछली पकड़ने तालाब में जाल डाले थे। उसी जाल में मगरमच्छ फंस गया। जाल को खींचने पर भारी लगने पर मछुआरों को किसी बड़े जलीय जीव के फंसे होने की आशंका हुई। मछुआरों ने जाल को तालाब से बाहर निकाला, तो उन्हें अपने जाल में बुरी तरह से फंसा मगरमच्छ दिखा। मगरमच्छ जाल से निकलने बुरी तरह छटपटा रहा था। इसके बाद मछुआरों ने इसकी जानकारी बलौदाबाजार के डीएफओ धमशील गणवीर को दी। डीएफओ ने मगरमच्छ फंसने की जानकारी पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ को देते हुए वनकर्मियों तथा ग्रामीणों की मदद से मगरमच्छ को रेस्क्यू कर जंगल सफारी शिफ्ट किया।

▪ चार दिन पूर्व बलौदाबाजार वनमंडल में रेस्क्यू किया गया



### नाम सुधार सूचना

मैं, वैशाली सावरिया (VAISHALI SAWARIA), निवासी रायपुर, छत्तीसगढ़, यह सार्वजनिक रूप से घोषणा करती हूँ कि मेरे नाम के संबंध में कुछ दस्तावेज़ों में भिन्नता पाई गई है।

मेरे नाम को कहीं वैशाली (VAISHALI) तथा कहीं वैशाली सावरिया (VAISHALI SAWARIA) के रूप में अंकित किया गया है।

यह स्पष्ट किया जाता है कि वैशाली सावरिया (VAISHALI SAWARIA) मेरा सही, पूर्ण एवं वास्तविक नाम है।

भविष्य में मेरे सभी आधिकारिक दस्तावेज़ों, विशेष रूप से पासपोर्ट में मेरा नाम वैशाली सावरिया (VAISHALI SAWARIA) ही माना जाए। यह कि, वैशाली सावरिया (VAISHALI SAWARIA) तथा वैशाली (VAISHALI) उक्त दोनों नाम मेरे ही नाम है तथा मेरी माता का नाम श्रीमती दिव्या सावरिया (SMT. DIVYA SAWARIA) तथा श्रीमती दिव्या (SMT. DIVYA) उक्त दोनो नाम मेरी माता के ही नाम है अर्थात एक व्यक्ति दो प्रचलित नाम है।

यह सूचना शपथ-पत्र **दिनांक 17 फरवरी 2026, रायपुर (छ.ग.)** के आधार पर प्रकाशित की जा रही है।

दिनांक: 17/02/2026

**वैशाली सावरिया, रायपुर, छत्तीसगढ़**

**न्यायालय तहसीलदार गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202410114800007/अ-5
वर्ष 2024-25
ग्राम तोरला, प.ह.नं. 07

**सूचना पत्र/नोटिस**

प्रति,
1. भूपेन्द्र साहू पिता कुंतराम साहू
2. बिशा पित छबिलाल
3. महेन्द्र पिता बाबूलाल
4. मुन्ना पिता होरीलाल- सभी कास्तकार निवासी ग्राम तोरला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)

इस सूचना पत्र के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक विरेन्द्र जोशी पिता स्व. श्री बाबूलाल जोशी निवासी ग्राम मुजगहन तहसील व जिला रायपुर द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 89 छ.ग. भू-राजस्व संहित के तहत आवेदन पेश किया है कि ग्राम तोरला प.ह.नं. 06 रा.नि.मं. तोरला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर स्थित भूमि पुराना ख.नं. 543, 577, 865, 920, 921 रकबा क्रमशः 0.109, 2.258, 0.352, 0. 263, 1.344 हे. कुल ख.नं. 05 कुल रकबा 4.326 हे. भूमि आवेदक के दादा बाबूलाल के संयुक्त नाम पर दर्ज था। पुराना ख.नं. 577 का रकबा 2.258 हे. था, जो बंदोबस्त पश्चात नया ख.नं. 689, 690, 691, 700 रकबा क्रमशः 0.52, 0.80, 0.30, 0.46 हे. कुल रकबा 2.08 हे. निर्मित किया गया, जो वर्तमान में आवेदक के संयुक्त नाम पर दर्ज है। इस प्रकार आवेदक की भूमि में बंदोबस्त पश्चात मूल रकबा 2.258 हे. में 0.18 हे. कम दर्ज कर दिया गया है, जिसके कारण बंदोबस्त त्रुटि सुधार किये जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है। तत्संबंध मे इस न्यायालय में रा.प्र.क्र. 202410114800007/अ-5/2024-25 विचाराधीन है। उक्त प्रकरण के खसरा नंबरो के भागो में आप हितबद्ध पक्षकार / वर्तमान भूमिस्वामी / प्रभावित कृषक है।

अतः आपको इस समंस के माध्यम से सूचना दी जाती है कि आप नियत पेशी दिनांक 06/03/2026 को इस न्यायालय में अनिवार्य रूप से स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेंगी।

आज दिनांक 18/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार गोबरा नवापारा**

### -: आम सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विशेष आवासीय योजना अंतर्गत ग्राम सेरीखेड़ी रायपुर में आवासीय भूखण्ड क्रमांक- 74 **श्री भागवत प्रसाद मेरावी पिता श्री दाऊ राम मेरावी** के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। जो कि पिता का नाम श्री दाऊ राम मेरावी था जो कि आधार कार्ड में सुधार एवं सही कर श्री दाऊ लाल मेरावी किया गया है जो सत्य एवं सही कहा गया है। आवेदक द्वारा आधार कार्ड एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर अभिलेख में अंकित करने हेतु अनुरोध किया गया है।

अतः उक्त भूखण्ड को **श्री भागवत प्रसाद मेरावी पिता श्री दाऊ लाल मेरावी** के नाम पर दर्ज करने में किसी भी व्यक्ति, बैंक/ शासकीय /अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राज. परि.**
**नवा रायपुर अटल नगर**

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द > साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 79871 19756 90981 38778

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS Pumping trust. Worldwide.
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

दुकान एक, कूलर अनेक
COMMERCIAL COOLER, ROOM COOLER, TENT COOLER
12" कूलर 1600/-
18" कूलर 2800/-
20" कूलर 4300/-
डीलर का होलसेल रेट
दिल्ली, हैदराबाद, अहमदाबाद, बॉम्बे के फाइबर कूलर
Mango, Jospo, Sheetal, Air General
आकाश जैन 98261-64650
कूलर हाउस
रतन जैन 98271-29211
75 नये मॉडल के साथ कूलर का शो रूम
सिटी कोतवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर



## सिटी लाइव

### संत गाडगे बाबा के जन्मोत्सव पर 23 को निकलेगी शोभायात्रा



**रायपुर।** राष्ट्र संत शिरोमणि गाडगे बाबा जन्मोत्सव समिति द्वारा 23 फरवरी को संत गाडगे बाबा का जन्मोत्सव निर्मल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। संत बाबा के 150वें जन्मोत्सव पर प्रदेश स्तरीय आयोजन करने का निर्णय समिति ने लिया है। शुक्रवार को प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता में यह जानकारी सुनील चौधरी, घनश्याम चौधरी, रजनी, डॉ. श्रद्धा निर्मलकर ने दी। बताया कि जन्मोत्सव को इस बार भव्य स्वरूप दिया जाएगा। इसके संयोजक का दायित्व सीएम श्री साय के निज सहायक तुलसी कौशिक निभाएंगे। वहीं पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में मड़ई मेला का आयोजन किया जाएगा। दिनभर चलने वाले समारोह में प्रदेशभर के 10 हजार से ज्यादा धोबी समाज के सदस्य शामिल होंगे। इसका शुभारंभ सुबह 9 बजे विधि-विधान से किया जाएगा। इसमें सीएम विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि होंगे और अध्यक्षता पद्मश्री रामलाल बरेठ करेंगे।

#### परिचय सम्मेलन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति भी

श्री चौधरी ने बताया कि दिनभर चलने वाले जन्मोत्सव में हजारों की तादाद में धोबी समाज के लोग शामिल होंगे। वहीं शोभायात्रा में समाजजन हजारों की तादाद में शामिल होंगे। इसके बाद सामाजिक सेवा, सांस्कृतिक, खेल, शिक्षा जैसे क्षेत्रों में समाज का मान बढ़ाने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। साथ ही समाज के लोगों की मौजूदगी में सामाजिक उत्थान, सरोकार से जुड़े विषयों पर वैचारिक मंथन किया जाएगा। युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला समाजजनों द्वारा प्रतिभागी के रूप में सजाई जाएगी। इसमें विशिष्ट अतिथि डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, मंत्री राजेश अग्रवाल, डॉ. चरणदास महंत, सांसद बृजमोहन अग्रवाल , विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा के साथ ही महापौर मीनल चौबे शामिल होंगी।

## कलाकार नहीं लेते अभिनय की फीस, डॉक्टर, वकील, व्यवसायी और रिटायर्ड अधिकारी नाटक से जुड़े

# जाणता राजा : वीर शिवाजी महाराज की गाथा का पांच पीढ़ियों से करते आ रहे मंचन



**जाणता राजा नाटक छत्रपति शिवाजी महाराज की शौर्य गाथा को युगों-युगों तक जिंदा रखने की दास्तां है। इस नाटक का मंचन निरंतर पिछली पांच पीढ़ियों से होता आ रहा है। इससे जुड़े कलाकार नाटक में अभिनय करने के लिए कोई फीस नहीं लेते, नाटक के आयोजक केवल आने-जाने का खर्च वहन करते है और कलाकार अपना काम-धंधा छोड़कर नाटक मंचन करने पहुंच जाते हैं।**

**रायपुर।** जाणता राजा नाटक के निर्देशक नाट्य मंच पर जितनी भव्यता और जीवंतता के साथ कलाकार जाणता राजा नाटक की प्रस्तुति देते हैं। कलाकारों का समर्पण भी उतना ही भव्य है। इस नाटक से 22 वर्षों से जुड़े नाट्य निर्देशक योगेश शिरोले व कलाकारों ने हरिभूमि से खास बातचीत में बताया कि जाणता राजा नाटक का रायपुर में 1222वां मंचन है। इस नाटक से पांच पीढ़ियों से कलाकार निस्वार्थ भाव से जुड़कर छत्रपति शिवाजी महाराज की शौर्य गाथा को जिंदा रखे हुए हैं। इस नाटक से वर्तमान में 100 से अधिक कलाकार जुड़े हुए हैं। इनमें से लगभग हर कलाकार के पूर्वज इस नाटक का हिस्सा रहे हैं। नाटक को वर्तमान की पांचवी पीढ़ी के कलाकार आगे बढ़ा रहे हैं। नाटक मंचन के लिए कोई भी कलाकार अभिनय फीस नहीं लेता। नाटक से डॉक्टर, वकील, व्यवसायी और रिटायर्ड अधिकारी जुड़े हुए हैं।



### दादाजी के जमाने से अब तक नाटक से परिवार जुड़ा हुआ



जाणता नाटक के कलाकार और पेशे से वकील पुणे के 24 वर्षीय यश जोशी ने बताया कि वे पिछले 5 सालों से नाटक से पांचवी पीढ़ी के तौर पर जुड़े हैं। जाणता नाटक से मेरे परिवार के सदस्य दादाजी के जमाने से पीढ़ी दर पीढ़ी जुड़ते चले आ रहे हैं। मेरे मामा, मेरी काकी, मेरे दो भाई और एक बहन इस नाटक से जुड़े हुए हैं। यह हमारी छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रति आस्था और विरासत की गौरव गाथा को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता है।

### 7 साल का पार्थ व 8 साल की अनामिका नई पीढ़ी



नाटक में 7 साल के पार्थशेष शिवाजी के बेटे राजाराम राजे का पात्र निभाते हैं। वहीं 8 साल की अनामिका विश्वकर्मा भी नाटक में मल्टी एक्ट प्ले करती हैं।

### नाटक में पारंपरारिक वेशभूषा का इस्तेमाल



नाटक के ड्रेस डिजाइनर मिलिंद बारावकर ने बताया कि वह नाटक से 15 साल से जुड़े हुए हैं। वे नाटक के कलाकारों को उनके पात्र के अनुरूप पारंपरिक वेशभूषा में संवारने का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि महिला पात्रों के लिए पारंपरिक नऊवारी साड़ी और मोहन माला का इस्तेमाल अधिक होता है। वह निस्वार्थ भाव से नाटक का हिस्सा है। जीवनयापन के लिए उनका अपना साफे का व्यापार है।

### नाटक से विगत 17 साल से जुड़ा



पुणे की कलाकार साक्षी परकाले बताती हैं कि वे नाटक से 17 सालों से अपनी खुशी से निस्वार्थ भाव से जुड़ी हुई हैं। मैं पेशे से साइकोलॉजिस्ट हूं और 5 एकड़ में प्याज व गन्ने की खेती भी मेरी मां के साथ मिलकर करती हूं।

### 66 साल की उम्र में भी नाटक का हिस्सा



नाटक के कलाकार नरेंद्र कांबले ने बताया कि मेरे पिता भी स्टेज आर्टिस्ट रहे हैं। मैं भारतीय वायुसेना में इलेक्ट्रानिक इंजीनियर के पोस्ट में 15 साल सेवा देने के बाद पिछले 15 सालों से आज 66 वर्ष के आयु में भी जाणता नाटक से जुड़कर वीर शिवाजी के जीवन व संघर्षों को जन-जन तक पहुंचाने में अपना योगदान दे रहा हूं।

### स्पुल रील मशीन से डिजिटल रिकार्डिंग तक का सफर



नाट्य निर्देशक योगेश शिरोले नाट्य मंचन में तकनीकी रूप से पिछले 22 सालों में आए बदलाव पर बात करते हुए कहा कि उन्होंने 2002 में रंगमंच पर कदम रखा था। उस समय नाट्य मंचन को प्रभावशाली बनाने रील स्पुल मशीन का इस्तेमाल होता था, तकनीक के साथ ही नाट्य मंचन का दौर भी तेजी से बदला है। अब नाटकीय प्रभाव उत्पन्न करने दृश्य परिवर्तन, प्रकाश व्यवस्था, ध्वनि प्रभाव और भव्य वातावरण निर्माण करने डिजिटल रिकार्डिंग का इस्तेमाल होने लगा है। इन दोनों ही दौर में नाट्य मंचन किया है।

### शिवाजी और शाहजी महाराज की 16 साल से निभा रहे भूमिका



नाटक के कलाकार अभिजीत पाटले ने बताया कि वह पिछले 16 सालों से शिवाजी व शाहजी महाराज दोनों के अलग-अलग दिन पात्र का अभिनय करते हैं। इस नाटक से उन्हें शिवाजी महाराज के शौर्य, राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा ने जोड़ा है।

## समाज इवेंट

### शिक्षण और सामाजिक संगठन आज मनाएंगे मातृभाषा दिवस



**रायपुर।** शुभम शिक्षण एवं कला संस्थान, राष्ट्रीय बंगाली सांस्कृतिक एवं सामाजिक संगठन द्वारा इस साल भी 21 फरवरी को शाम 6 बजे वृंदावन हॉल में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर गरिमामय आयोजन किया जा रहा है। इस संदर्भ में शुक्रवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों को जानकारी देते हुए संस्था की अध्यक्ष महुआ मजूमदार के साथ रूनाली चक्रवर्ती, शीला और कृष्णा सरकार ने बताया कि इसमें विविध साहित्यिक और सांस्कृतिक आयोजन किए जाएंगे। सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर दुनियाभर में भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देने के लिए उत्सव का रूप दिया जाएगा। इस कड़ी में समाज के लोगों ने आयोजन को भव्य रूप देने के लिए तैयारी की है।

#### आगामी योजनाओं की समाज को देंगे जानकारी

आयोजक संस्था की पदाधिकारियों ने बताया कि इस बार भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ ही साहित्य से जुड़े विषयों पर चर्चा की जाएगी। इस दिशा में हमारी संस्था की प्रयास रहेगा कि बंगाली कालीबाड़ी, बंगाली संस्थान एवं लोगों के साथ मिलकर बांग्ला भाषा सिखाने के लिए प्रयास किया जएगा। इसके लिए बनाई गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए वर्कशॉप, संगोष्ठी, सांस्कृतिक पहल के जरिए अधिक से अधिक बांग्लाभाषियों को आयोजनों से जोड़ने के लिए प्रयास किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए हमने अलग-अलग लोगों के लिए दायित्व तय किए हैं।

## नृत्यों से प्रदेश की संस्कृति को किया जीवंत

**रायपुर।** पं. हरिशंकर शुक्ल स्मृति महाविद्यालय में शुक्रवार को वार्षिक समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विविध और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक गणेश वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात छात्रों ने नृत्य, संगीत, नाट्य प्रस्तुति और एकल गान के जरिये समां बांध दिया। समारोह का मुख्य आकर्षण बी.एड. के छात्रों द्वारा प्रस्तुत नृत्य नाटिका रही, जिसमें नारी की 'आदि शक्ति से आत्मशक्ति' तक की यात्रा को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया, जिसे दर्शकों की भरपूर सराहना मिली।







### वाद्ययंत्र के साथ दी प्रस्तुति

छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोक नृत्यों की प्रस्तुति ने प्रदेश की समृद्ध संस्कृति को जीवंत कर दिया। छात्रों ने वाद्य यंत्र बजाकर और रैप गायन के माध्यम से भी अपनी कला का लोहा मनवाया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता शर्मा ने कहा कि ऐसे मंच छात्रों की छिपी प्रतिभा को उजागर करने के लिए आवश्यक हैं। वहीं, चेयरमैन सुशील शुक्ला ने सभी प्रतिभागियों के उत्साह, अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि ये कार्यक्रम विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति की जड़ों से जोड़ते हैं।

## नशे की चपेट आ रहे युवा, बताए दुष्प्रभाव और बचाव के उपाय



**रायपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय अटारी के ग्राम गोमची में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसके द्वितीय दिवस पर बौद्धिक परिचर्चा सत्र में नशामुक्ति सत्र का आयोजन किया। इस दौरान व्याख्यान के लिए संकल्प नशामुक्ति केंद्र रायपुर से वरिष्ठ परामर्शदाता अजय श्रीवास्तव शामिल हुए। उन्होंने बताया कि किस तरह से युवा नशे के शिकार हो रहे हैं। उन्होंने विभिन्न उदाहरण के माध्यम से स्वयंसेवकों को इसके दुष्प्रभावों से अवगत कराया। इसके अलावा किस तरह धीरे-धीरे नशे में संलिप्त व्यक्ति को नशे से मुक्त किया जा सकता है, इस पर भी उन्होंने अपनी बात रखी। पत्र के अंत में स्वयंसेवकों के लिए प्रश्नकाल रखा गया। जहां पर परामर्शदाता द्वारा विभिन्न प्रश्नों के जवाब दिए गए। बौद्धिक परिचर्चा के इस सत्र में महाविद्यालय के स्वयंसेवकों के साथ ग्राम गोमची के छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहे।

## कैंपस लाइव

### वनबंधु परिषद की संभाग स्तरीय भजन प्रतियोगिता

**रायपुर।** वनबंधु परिषद द्वारा एकल श्रीहरि कथा प्रसार योजना के अंतर्गत पिछले तीन माह से वनवासी कथाकारों द्वारा गांव-गांव, अंचल स्तर पर सत्संग-भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि इस प्रतियोगिता का फाइनल कार्यक्रम राजधानी रायपुर स्थित पाटीदार भवन फाफाडीह में 24 फरवरी को सम्पन्न होगा। प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता खंडेलवाल एवं महिला समिति अध्यक्ष कांता सिंघानिया ने जानकारी दी कि इस कार्यक्रम में सभी प्रतियोगी प्रतिभागी, अंचल एवं संभाग समिति के पदाधिकारी, सदस्य सहित तकरीबन 300 अतिथि उपस्थित रहेंगे।

#### चयनित 15 टीमें देंगी प्रस्तुति

कार्यक्रम को सफल बनाने शुक्रवार को देवेंद्र नगर स्थित कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक रखी गई, जहां पदाधिकारियों को जिम्मेदारी बांटी गई। वहीं सचिव सरिता रेखानी ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश से विभिन्न स्तरों पर प्रतियोगिता में अव्वल रही 15 टीमें रायपुर आ रही हैं, जहां रायपुर में फाइनल प्रतियोगिता में विजयी होने पर उक्त टीम राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगी।

## कार्नर न्यूज

# पहला पर्चा देते ही परीक्षार्थियों की झिझक हुई दूर, सरल प्रश्नों से बढ़ा आत्मविश्वास

**रायपुर।** प्रदेश में 12वीं बोर्ड परीक्षा में शुक्रवार को परीक्षार्थियों ने अपना पहला पर्चा दिया। जेएन पांडे स्कूल परीक्षा केंद्र में पहला पर्चा देकर परीक्षा हॉल से बाहर निकलते परीक्षार्थियों की चेहरे पर आत्मविश्वास और मुस्कान नजर आई। परीक्षार्थियों ने बताया कि परीक्षा को लेकर मन में जो झिझक थी, वह पहले दिन पर्चा देने के बाद दूर हो गई। विज्ञान संकाय के छात्रों के लिए पहला पर्चा भौतिकी शास्त्र का रहा। परीक्षार्थियों ने बताया कि पूरे प्रश्न सिलेबस से आए, इसलिए भौतिक विषय का पर्चा पहले दिन बहुत अच्छा गया। सुबह 9 से 12.15 बजे तक परीक्षा हॉल में निर्धारित समय तक पर्चा हल करने के बाद ही परीक्षार्थी बाहर निकले। इस दौरान परीक्षार्थी एक-दूसरे से पेपर का सेट और पर्चा कैसे बना, इस पर चर्चा करते रहे। हरिभूमि की टीम ने भी परीक्षार्थियों से स्पॉट पर पहुंचकर बातचीत कर प्रश्न पेपर और 3 घंटे की समयसीमा, परीक्षा हॉल में बैठक व्यवस्था के बारे में जाना। इस पर परीक्षार्थियों ने अपना पहला पर्चा देने के बाद अनुभव साझा किए।



### पहला पेपर शानदार गया



परीक्षार्थी रितु वर्मा ने बताया कि उनका भौतिक शास्त्र का पर्चा अपेक्षा के अनुरूप गया। उन्होंने परीक्षा की तैयारी को लेकर विषय के जिन टॉपिक्स से तैयारी की थी, उनमें से ही ज्यादातर प्रश्न आए। यही वजह थी कि परीक्षा हॉल में मैं निर्धारित समय पर प्रश्नों को हल कर पाई। मेरे लिए पहला पेपर शानदार रहा।

### सिलेबस के अंदर से सारे प्रश्न आए



परीक्षार्थी देवेंद्र कुमार ने बताया कि सिलेबस के अंदर से सारे प्रश्न आए। मुझे सी-सेट पेपर मिला। प्री-बोर्ड एग्जाम, कक्षा में टॉपिक्स टेस्ट और टीचर्स के सुझाए प्रश्न परीक्षा में बहुत काम आए।

### पेपर देकर आत्मविश्वास लौटा



छात्र वेदांत साहू ने बताया कि उन्हें बी सेट पेपर मिला। पहला पर्चा अच्छा गया है, इससे जो मन में परीक्षा को लेकर झिझक थी, वह अब दूर हो गई है। भौतिक शास्त्र के पर्चे में वस्तुनिष्ठ और लघु उत्तरीय प्रश्नों से लेकर सभी प्रश्न आशा के अनुरूप ही आए।

### भौतिक शास्त्र का पेपर सरल रहा



परीक्षार्थी लबिबा खान ने बताया कि मुझे बी-सेट पेपर मिला। सभी प्रश्न सिलेबस के अंदर से आए। निर्धारित 3 घंटे में लगभग पूरे प्रश्न हल किए हैं। पेपर देने के बाद पूरा विश्वास है कि भौतिक शास्त्र में अच्छे मार्क्स मिलेंगे। मेरे लिए भौतिक शास्त्र का पेपर इजी रहा।

### आसानी से हल किए प्रश्न



परीक्षार्थी रितिका साहू ने बताया कि पहला पेपर भौतिक शास्त्र का था। इस विषय की मैंने जो तैयारी की थी, उसके हिसाब से परीक्षा हॉल में निर्धारित 3 घंटे में आसानी से सभी प्रश्न हल किए।


छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विनम्र, सरल, सहज
श्री विष्णु देव साय
को जन्मदिन के शुभ अवसर पर ढेरों बधाई एवं
शुभकामनाएं
विनीत : समस्त कार्यकर्ता, भाजपा, छत्तीसगढ़।


श्री राजीव अग्रवाल
अध्यक्ष - छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड
श्री लखन लाल देवांगन
वाणिज्य-उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम, वाणिज्य कर (आबकारी), श्रम मंत्री छ.ग.
लौह उद्योग के विकास हेतु संकल्पित
विष्णुदेव सरकार
आप चिरायु हों, आप शतायु हों !
जिनके संकल्प से सजी प्रगति की राह.... जिनकी सोच में बसता है जन-जन का विश्वास.
मान. श्री विष्णुदेव साय जी
प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री
जन्मदिन की बधाई...
अशेष शुभकामनायें... अभिनंदन...
ATUL
डॉ. मनीष कुमार मंडल (अध्यक्ष)
निशांत खेतान (सचिव)
CGSIMA
छत्तीसगढ़ स्पंज आयरन मैन्युफेक्चरिंग एसोसिएशन
संजय त्रिपाठी (अध्यक्ष)
बांके बिहारी अग्रवाल (सचिव)
छत्तीसगढ़ स्टील रि-रोलर्स एसोसिएशन
अशोक कुमार अग्रवाल (अध्यक्ष)
मनीष धुप्पड़ (सचिव)
छत्तीसगढ़ मिनी स्टील प्लांट एसोसिएशन


CII
Confederation of Indian Industry
जीवेत् शरदः शतम् !
आपकी सफलता-सक्रियता एक साधारण व्यक्ति से लेकर आसाधारण व्यक्ति को भी प्रेरणा देती है...
माननीय मुख्यमंत्री
विष्णुदेव साय जी
को जन्म दिवस पर हार्दिक शुभकामनाये !
Mr. Sanjay Jain (Chairman)
Mr. Bajrang Goel (Vice Chairman)
CII Chhattisgarh State Council
ATUL


CAIT
जय व्यापार...
Raheja Group
Presents
20-24 फरवरी
CAIT CG NATIONAL TRADE EXPO 2026
मध्यभारत का सबसे बड़ा
व्यापार मेला
BTI ग्राउंड, शंकर नगर, रायपुर
दोपहर 1 से रात्रि 10 बजे तक
व्यापार का महाकुंभ जहां आपको मिलेगा सुई से लेकर घर का सभी सामान
लाइफस्टाइल एवं फैशन टूरिज़्म | होम अप्लायंसेज़ | हाउसहोल्ड एक्सेसरीज़ | ऑटोमोबाइल | रियल एस्टेट | प्लाईवुड एवं इंटीरियर | कंप्यूटर एवं एक्सेसरीज़
विशिष्ट अतिथिगण
श्री सुनील सोनी जी
माननीय विधायक, रायपुर दक्षिण
श्री पुरंदर मिश्रा जी
माननीय विधायक, रायपुर उत्तर
श्री मोतीलाल साहू जी
माननीय विधायक, रायपुर ग्रामीण
श्री अमित चिमनानी जी
प्रदेश प्रवक्ता, भाजपा छत्तीसगढ़
• ट्रेड • इंडस्ट्रीज़ • फन • फूड • एंटरटेनमेंट
Co-Sponsors
NAVKAR JEWELLERS
ASHTVINAYAKA REALTIES
MAHADEVA GROUP BY MADHYANI
RBP
RBP ENERGY (INDIA) PVT. LTD.
Powered by
SARDA
RADA
Supported by
BOSCH
Birla White
Sargam
ABS
Outdoor Partner
DESHKAR ADVERTISING PVT. LTD.
Decor Partner
MAHESHWARI
कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स, छत्तीसगढ़